खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➟ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 01 अप्रैल 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 136 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.



तृतीय दिवस मां चन्द्रघंटा

■ गुझिया भी सिवंइयां भी...
■ मोदी की नागपुर यात्रा... 04

■ ऑपरेशन ब्रम्हा के तहत 52 टन राहत...
■ बांग्लादेश में सड़कों पर संघर्ष, बीएनपी... 09

■ आज 1 अप्रैल से बदल जाएंगे कई वित्तीय नियम
■ ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का असर, सोने ने रचा... 11

■ लखनऊ सुपर जायंट्स...
■ अगर मैं रोहित और... 10

### आईपीएल में आज

TATA IPL

लखनऊ विरुद्ध
पंजाब (लखनऊ)
7.30 शाम से

### देश भर में समर्थन और विरोध के बीच

# वक्फ बिल पारित कराने की तैयारी में सरकार

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इसकी तैयारी कर रहे

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में है। वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी। सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें। उन्होंने कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बातचीत में इसी सत्र में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने साफ किया कि आलोचना करना सबका अधिकार है, लेकिन उसका कुछ आधार भी होना चाहिए। बकौल रिजिजू, धार्मिक प्रतिबद्धताओं और मान्यताओं से परे जाकर कई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। इससे वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### कल किया जा सकता है पेश

### कांग्रेस बोली-नीतीश और नायडू अपना रुख साफ करें

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर विरोध का ऐलान तो पहले ही किया है पर आज उसने नीतीश कुमार और चन्द्रबाबू नायडू को घेरते हुए उन्हें अपना रुख स्पष्ट करने कहा है।

### विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी



*ईद के दिन देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टिया बांधकर पहुंचे। रमजान का आखिरी जुमा के दिन 28 मार्च को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने जाने को कहा था।*

### वक्फ संशोधन विधेयक संविधान पर हमला : जयराम

*कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संविधान पर सीधा हमला है और इसकी बुनियाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों जेडी (यू) और टीडीपी का क्या कहना है? उन्होंने कहा कि यह पहली बार था कि समिति में खंड-दर-खंड चर्चा की गई। अगर वे इसे लागू करते हैं, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे।*

## मुफ्ती-ए-आज़म म.प्र. ने किया तीखा विरोध



**जबलपुर, देशबन्धु।** उधर ईद की नमाज के दौरान रानीताल ईदगाह कला में मुफ्ती-ए-आजम म.प्र. मौलाना मुशाहिद रजा ने कहा वक्फ संशोधन बिल का तीखा विरोध किया है। उन्होंने अपनी नमाज अदा होने के बाद अपनी तकरीर में दो टूक शब्दों में कहा कि- सरकार वक्फ कानून में जो बदलाव करना चाहती है वह हमें मंजूर नहीं। उन्होंने कहा अगर इसे जबरिया लागू किया जाता है तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। **( विस्तृत खबर अंतिम पृष्ठ पर )**

# मुख्यमंत्री करेंगे 'स्कूल चलें हम' अभियान-2025 का शुभारंभ

## राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल मंगलवार को शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में प्रातः 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान - 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है।



**नव प्रवेशी विद्यार्थियों का होगा स्वागत**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हॉयर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

**एजुकेशन पोर्टल 3.0**–इस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्रवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है। विभाग से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से सुलभ तरीके से प्राप्त की जा सकेगी।

**संभाग स्तर के 8 डिपो के माध्यम से किताबों की व्यवस्था**–स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि **➤➤शेष पृष्ठ 2 पर**

### सभी जिलों में भी होंगे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एक अप्रैल को शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक-सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

**सार संक्षेप**

## भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान 7 अप्रैल से होगा शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की शुरुआत करेगी, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों में भाग लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य भाजपा को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना और जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता को बढ़ाना है। भाजपा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान संचालित करेगी। इस दौरान कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों में भाग लेंगे, 2 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय बैठक होगी, जिसमें अभियान, भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल और डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। 6 अप्रैल को कार्यकर्ता अपने घर और कार्यालयों में पार्टी का झंडा लगाएंगे। 14 अप्रैल को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रम होंगे।

## अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में आग से यात्रियों में हड़कंप

**इटारसी, (एजेंसियां)।** इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी।




**चूहा-सुनती हो**- आरएसएस के एक जिम्मेदार पदाधिकारी कह रहे हैं औरंगजेब पर विवाद अनावश्यक है।

**चुहिया- हां प्रिये**- लेकिन सत्ता और वोट की जरूरतें आजकल कुछ ऐसे ही विवादों की हो गई हैं।

### आरएसएस के भैयाजी जोशी बोले

# औरंगजेब पर बेकार हो रहा हल्ला : भैयाजी



**मुंबई, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के औरंगजेब की कब्र को लेकर छिड़े विवाद को आरएसएस के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने अनावश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि जो भी अनुयायी है वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित कब्र का दौरा करेगा। इससे पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

**भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक**–राज ठाकरे के बयान और औरंगजेब की कब्र को लेकर भैयाजी जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है। उनकी मृत्यु भारत में हुई थी, इसलिए उनकी कब्र यहीं बनाई गई है। हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श (रोल मॉडल) है, उन्होंने अफजल खान की कब्र बनवाई थी। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है।

कब्र बनी रहेगी, जो भी जाना चाहेगा, जाएगा। राज ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था, लेकिन असफल रहा और महाराष्ट्र में उसकी मृत्यु हो गई। मनसे प्रमुख ने कहा कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता था। इससे पहले आरएसएस के मुख्य प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने मुगल बादशाह औरंगजेब को अप्रासंगिक बताया था।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

# अप्रैल–जून में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है और मध्य- पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक दिन लू चल सकती है। यह बात भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कही। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है।

### -कई राज्यों में अधिक लू चलने की आशंका

महापात्रा ने कहा, ''अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।'' आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है। आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है। इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर पांच से छह दिन लू चलती है। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं।

# दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर ईनामी नक्सली ढेर

### नक्सलियों के पास से इंसास राइफल, गोला-बारूद बरामद



**रायपुर, देशबन्धु।** दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा के पास एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक महिला नक्सली लीडर रेणुका उर्फ बानू को ढेर कर दिया। उस पर 45 लाख का ईनाम था। महिला नक्सली का शव भी बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस को मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के पास से इंसास राइफल, गोला-बारूद और रोजमर्रा उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुएं भी मिली हैं।

### 29 मार्च को भी 16 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए थे

दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों की सीमा पर सुरक्षा बलों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। अधिकारियों के अनुसार, सुबह 9 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हो रही थी। दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा छत्तीसगढ़ का सबसे संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है।

इससे पहले 29 मार्च को सुकमा-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर भी 16 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए थे। 20 मार्च को सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 30 माओवादियों को मार गिराया था, जिसमें दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा के पास 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए थे। इसके बाद, 25 मार्च को भी दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा के पास एक और मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन नक्सलियों को मार गिराया था। यह मुठभेड़ इंद्रावती नदी के किनारे हुई थी।

## निधि तिवारी बनीं प्रधानमंत्री की निजी सचिव



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोमवार को 2014 बैच की आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को तत्काल प्रभाव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने निधि तिवारी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आईएफएस अधिकारी निधि वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि उनका वेतन मैट्रिक्स का स्तर 12 है। 2014 बैच की भारतीय विदेश सेवाअधिकारी निधि तिवारी 2022 में अपर सचिव के रूप में शामिल होने के बाद 6 जनवरी, 2023 से प्रधानमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। निधि तिवारी वाराणसी के महमूरगंज से हैं। वाराणसी 2014 से मोदी का लोकसभा क्षेत्र रहा है।

**राजकाज** | **अधिकारियों की कमी से कार्य हो रहा है प्रभावित**

# प्रशासनिक पदों के लिए 1366 आईएएस अधिकारियों की कमी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** संसद की एक समिति ने कहा है कि देश में इस समय भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पदों की जरूरत के हिसाब से 1316 आईएएस अधिकारियों की कमी है जिससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक कार्य और शासन प्रभावित हो रहा है।

राज्य सभा सदस्य बृज लाल की अध्यक्षता वाली लोक शिकायत , विधि और न्याय विभाग से संबंधी संसदीय समिति ने मंत्रालय की 2025-26 की अनुदान मांगों पर राज्य सभा में पिछले दिनों प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में कहा है, 'इन रिक्त पदों को भरने की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और लोक प्रशासन की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। समिति ने इस संदर्भ में सरकार से आईएएस अधिकारियों की भर्ती के विषय में चन्द्रमौली समिति की रिपोर्ट का अध्ययन कराने तथा उसे जल्द से जल्द लागू कराने की सिफारिश की है। समिति ने आईएएस कोटे में रिक्तियों का समय से निर्धरण सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को राज्यो के लिए एक आनलाइन ट्रैकिंग और प्रस्तुतीकरण पोर्टल शुरू करने का सुझाव दिया है। इससे राज्य सरकारे अपने प्रस्तावों को आन लाइन प्रस्तुत करने के साथ-साथ उस पर प्रगति की मॉनिटरिंग कर सकेंगी और अनुस्मारक प्रस्तुत कर सकेंगी। समिति का यह भी कहना है कि विभाग को विलंबित प्रस्तुतियों के लिए दंड प्रणाली भी रखनी चाहिए। उदाहरण के लिए समिति का कहना है कि जो राज्य लगातार समय सीमा को पूरा न करें उन राज्यों से प्रोन्नति कोटा के लिए विचार न किया जाए।

### -संसदीय समिति ने पदों को जल्द भरने की बताई जरूरत
### -चन्द्रमौली समिति की रिपोर्ट को लागू करने की सिफारिश

समिति ने यह भी कहा है कि आरक्षित श्रेणी की रिक्तियों के लिए आंकड़ों का संग्रह और भर्ती प्रक्रियाओ के समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए विभाग को एक केंद्रीय निगरानी एवं समन्वय समिति स्थापित करनी चाहिए। समिति ने यह भी कहा है कि सभी आईएएस अधिकारियों की ओर से उनकी अचल संपत्तियों के विवरण (आईपीआर) का दखिला समय पर सुनिश्चित कराने के लिए एक केन्द्रीय निगरानी एवं अनुपालन तंत्र स्थापित किया जाए। अनुस्मारक दिए जाने के बावजूद सम्पत्ति का ब्योरा प्रस्तुत न करने वाले वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की स्वचालित व्यवस्था हो। समिति ने पाया है कि इन सेवाओं के कई अधिकारी ऐसे हैं जो आर्थिक और संवेदनशील सूची में वर्गीकृत विभागों और मंत्रालयों में अनुकूल स्थानों पर आठ-आठ, नौ-नौ वर्ष से अधिक समय से जमे पड़े हैं जबकि इसी अवधि में इस दौरान उनके चार-चार, पांच-पांच संगठन प्रमुखों के तबादले हो चुके हैं। समिति ने कहा है,''इस प्रवृत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। किसी विशेष सीट/स्थान पर लंबे समय तक रहने से भ्रष्टाचार बढ़ता है।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

# देश-विदेश

## तारीफ करते-करते पुतिन पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से खासे नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें ऐसा लगा कि मॉस्को यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की उनकी कोशिशों में मुश्किलें खड़ी कर रहा है, तो वे रूसी तेल के खरीदारों पर 25 फीसदी से 50 फीसदी तक का सेकेंडरी टैरिफ लगा देंगे। ट्रंप ने बताया कि वह पिछले सप्ताह पुतिन की ओर से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के नेतृत्व की विश्वसनीयता की आलोचना किए जाने से बहुत नाराज हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहन के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।

1) MarutiS MSU_CARRY
Vehicle No. MP15ZD0559
YOM - 2023
Minimum Reserve Price 255000

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है। इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के 8 दिनों के भीतर यानी 08-04-2025 को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ ऑफलाईन) दे सकते हैं

kotak
Kotak Mahindra Bank

**शाखा का पता :**
**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**
846, छत्रपती भवन, निवार गंज एक्सटेंशन, राईट टॉउन जबलपुर (म.प्र.) 482001
**संपर्क : नितिनकुमार रजक / मोहनिशकुमार साहू**
**कोटक महिंद्रा बैंक लि.**
**संपर्क: 9329687818 - 8655657871**
ई-मेल : nitin.kumarrajak@kotak.com
mohnishkumar.sahu@kotak.com


# पंजाब में किसानों ने किया बड़ा प्रदर्शन

## मंत्रियों और विधायकों के घरों का घेराव किया, पंजाब सरकार ने बॉर्डर पर किसानों पर जुल्म किया

**अमृतसर,( एजेंसियां )।** पंजाब में किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेतृत्व में किसानों ने राज्य के 17 जिलों में 35 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब सरकार के मंत्रियों और विधायकों के घरों के बाहर यह घेराव दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चला। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने जानकारी दी कि यह प्रदर्शन चार घंटे तक जारी रहा।

किसानों ने अमृतसर के जगदेव कलां गांव में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के घर के बाहर धरना दिया। इस मौके पर किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगें दोहराईं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम विभिन्न जगहों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों पर जुल्म किया। हमारे किसान नेताओं को पीटा गया और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस वजह से हम विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

सीएम भगवंत मान पर निशाना साधते हुए पंधेर ने कहा कि पहले आप कहते थे कि मोदी सरकार ने रास्ते बंद कर रखे हैं, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि रास्ते बंद होने से पंजाब में व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि बॉर्डर खुल जाने से कितना फायदा हुआ? इसका जवाब दें।उन्होंने आरोप लगाया कि 20 मार्च को शंभू मोर्चे पर किसान नेता बलवंत सिंह बेहरामके पर लाठीचार्ज करने वाले एसएचओ हरप्रीत सिंह को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है। किसान संगठनों ने इस अधिकारी को तत्काल नौकरी से हटाने की मांग की। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि अमृतसर के जंडियाला विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के घर के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने साफ किया कि जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को स्वीकार नहीं कर लेती, तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### केंद्र सरकार से 12 मांगें हैं

किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार से उनकी 12 मांगें हैं, जो एमएसपी गारंटी कानून, कर्ज माफी, और अन्य किसान हितैषी नीतियों से जुड़ी हुई हैं। किसान नेताओं ने पंजाब सरकार से शंभू और खनौरी सीमाओं पर लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने और वहां पुलिस कार्रवाई के दौरान किसानों से छीने गए सामान की भरपाई करने की मांग की।

# 103 दवाओं के सैंपल फेल, हिमाचल में बनी 38 दवाएं शामिल

**सोलन।** देशभर में बनी 103 दवाओं के सैंपल फेल साबित हुए है। जिसमें से 38 दवाईयां हिमाचल में बनी है। जिसको लेकर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) व स्टेट ड्रग अथॉरिटी ने ड्रग अलर्ट जारी किया। इन दवाईयों में से सर्दी, खांसी, जुकाम, एलर्जी व दर्द निवारण सहित विटामिन व हृदय रोग के लिए प्रयोग होने वाली दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं। खराब पाई 38 दवाओं का उत्पादन हिमाचल के उद्योगों में हुआ है। वहीं, उत्तराखंड में 11, गुजरात और पंजाब की नौ-नौ दवाएं गुणवत्ता की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, असम, व तमिलनाडु के उद्योगों में बनी दवाओं के सैंपल भी फेल हुए हैं। वहीं, सीडीएससीओ के अलर्ट में 47 दवाओं के सैंपल फेल हुए, इसमें 21 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। स्टेट ड्रग अथॉरिटी के अलर्ट में देशभर की 56 दवाओं की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। इसमें हिमाचल में बनी 17 दवाएं शामिल हैं। सीडीएससीओ ने सभी राज्यों के दवा नियंत्रकों को सूची जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पंजाब के फिल्लौर के उद्योग में बना अजिथ्रोमाइसिन ओरल खराब पाया है। एल्बेंडाजोल, एमोक्सिसिलिन, पेरासिटामोल एंड डिक्लोफिनेक, लिवोसिट्राजिन, कैल्शियम विद विटामिन डी3, फालिक एसिड सहित अन्य कई ऐसी नामचीन दवाओं के सैंपल फेल मिले हैं।

रिपोर्ट में पाया गया है कि अधिकतर दवाओं में धूल के कण मिले हैं। वहीं मिस ब्रांडेड यानी लेवल में भी गलतियां मिली हैं। बताई मात्रा के अनुरूप भी दवा में सामग्री नहीं डाली है। कुछ दवाएं नकली भी पाई जा रही हैं। वेबसाइट पर बैच के साथ जानकारी अपलोड सीडीएससीओ ने लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए दवाओं की जानकारी संबंधित बैच के साथ वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। संबंधित राज्यों के दवा नियंत्रकों द्वारा अब खराब दवाओं को बाजार से वापस मंगवाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र 36 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — जबलपुर दिनांक 26/03/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि ( रु. लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ईएमडी टेन्डर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_412281_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक 3 अंतर्गत डिफेंस कॉलोनी स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों ( 04 नग ) में लॉन में फाऊन्टेन, आयरन फ्रेम से बांस की फेंसिंग का कार्य एवं अन्य कार्य, एवं माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत अन्य बंगलों में विभिन्न कार्य। | प्रथम | 19.40 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_412282_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक 3 अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-2 में दरवाजों में पेनलिंग, शीट शेड का कार्य, सेनेटरी फिटिंग एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.88 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_412283_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सीवर लाईन ड्रेनेज सिस्टम एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.70 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_412284_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत आयरन वर्क, डायस वर्क एवं सी.आर. -20 में सिविल कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 5 | 2025_PWDRB_412285_pack1 | हाई कोर्ट सेक्शन अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| | | कुल योग- | | 99.42 | | | | |

टीपः- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/04/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 1 जबलपुर**

G-24989/24 — स्वच्छता ही सेवा


# रूसी तेल पर ट्रंप ने लगाया 25 या 50 प्रतिशत सेकंडरी टैरिफ

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर किसी भी सहमति पर नहीं पहुंच पाने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भड़क गए हैं। हालांकि, उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रुख को लेकर उन पर भी निशाना साधा है। रविवार को ट्रंप ने पुतिन के व्यवहार की आलोचना करते हुए ना सिर्फ उस पर निराशा जताई बल्कि धमकी दी कि अगर रूसी नेता एक महीने के भीतर युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं तो वे मॉस्को के तेल निर्यात पर सेकंडरी टैरिफ यानी 25 से 50 फीसदी तक का अतिरिक्त टैरिफ लगा देंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एनबीसी न्यूज के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में संकेत दिया कि वह 25% या 50% टैरिफ लगाएंगे जो रूसी तेल खरीदने वाले देशों को प्रभावित करेगा। इस दौरान उन्होंने ईरान पर बमबारी की भी धमकी दी और ग्रीनलैंड में बल प्रयोग से इनकार नहीं किया। ट्रंप ने कहा, अगर यूक्रेन में खून-खराबे को रोकने के लिए रूस और हम कोई समझौता नहीं कर पाते हैं, और अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती है, जो कि हो सकता है कि न भी हो, लेकिन अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती है, तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर सेकंडरी टैरिफ लगाने जा रहा हूं। इससे यह होगा कि अगर आप रूस से तेल खरीदते हैं, तो आप संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापार नहीं कर सकते। सभी तेल पर 25% टैरिफ होगा, सभी तेल पर 25 से 50-पॉइंट टैरिफ होगा।

**क्या कह रहे विश्लेषक**-अब ऐसे में सवाल उठता है कि अगर रूस ने यूक्रेन युद्ध विराम समझौते पर अपनी सहमति नहीं दी और ट्रंप ने रूसी तेल निर्यात पर 25 से 50 फीसदी की टैरिफ लगाया तो किन-किन देशों को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके जवाब में विश्लेषकों और अधिकारियों का कहना है कि अगर डोनाल्ड ट्रम्प रूसी तेल खरीदने वाले देशों के खिलाफ 25-50% टैरिफ लगाते हैं, तो चीन और भारत इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं।

### भारत सहित अन्य देशों को लगेगा झटका

दरअसल, 2022 में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। उसके तेल खरीदने पर भी बैन लगा दिया गया था लेकिन भारत और चीन के अलावा कुछ और देशों ने रूस से तेल खरीदना चालू रखा। ऐसे में अमेरिका द्वारा सीधे खरीददारों पर सेकंडरी टैरिफ लगाने से न केवल पुतिन की तेल राजस्व तक पहुंच कम हो सकती है बल्कि जो देश इसका उल्लंघन करेंगे उन्हें भी आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ सकता है। रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में शामिल न होने के बावजूद, चीन इसका उल्लंघन करने के बारे में सावधान रहा है, क्योंकि उसे सेकंडरी टैरिफ का डर सताता रहा है। उदाहरण के लिए, कुछ चीनी बैंकों ने अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली से प्रतिबंधित होने के डर से रूसी कंपनियों के साथ लेन-देन कम कर दिया है।

**चीन को भारत ने छोड़ा पीछे**-मल्टीनेशनल इन्वेस्टमेंट बैंक और वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी क्र्र के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने द गार्डियन से कहा, जैसा कि ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल के मामले में किया है, वैसा ही रूस के मामले में खरीदारों को लक्षित करने के लिए कर सकते हैं। इस कदम से चीन और भारत प्रभावित हो सकता है। हालांकि, हमें यह देखना होगा कि आने वाले दिनों में क्या घोषणा होती है। बता दें कि भारत चीन को पीछे छोड़ते हुए समुद्री रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail:-eepwd1chhind@mp.nic.in.

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रं. 12/व.ले.लि./2024-25/ — छिंदवाड़ा, दिनांक 27.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| सं. क्रं. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि ( लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 412685 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | दीघावानी से नवेगांव मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लं. 3.20 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य। ( प्रथम आमंत्रण ) | 444.89 | 4.44.900/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 2. | 412686 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | गौरपानी से गोरखपुर ( सिवनी जिला सीमा ) मार्ग लं. 1.70 कि.मी. एवं तेंदनी बस्ती मार्ग लं. 1.10 कि.मी. कुल लं. 2.80 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। ( प्रथम आमंत्रण ) | 412.55 | 4,12,600/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 3. | 412687 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | आयोजना मद अंतर्गत गोपालपुर से जमुनिया मार्ग का निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य। ( प्रथम आमंत्रण ) | 364.33 | 3,64,400/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 4. | 412688 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | छिन्दी सोनपुर मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लं. 3.40 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य। ( प्रथम आमंत्रण ) | 276.96 | 2,77,000/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 5. | 412689 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | कोल्हिया से धबईढाना व्हाया नंदौरा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.90 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य सहित। ( प्रथम आमंत्रण ) | 260.38 | 2,60,400/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 6. | 412690 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | माहुलझिर अनहोनी मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लं. 2.00 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य। ( प्रथम आमंत्रण ) | 236.07 | 2,36,100/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 6. | 412691 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | आयोजना मद अंतर्गत ग्वारा से सेहराढाना मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.50 कि.मी मय विद्युतीकरण कार्य। ( प्रथम आमंत्रण ) | 211.50 | 2,11,500/- | 15,000/- | 06 माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| | | | | कुल योग - | 2206.68 लाख | | | |

टीप- निविदा का विस्तृत विवरण ( टेण्डर डाक्यूमेंट ) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://www.mptendes.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 15.04.2025 समय 5.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(आकाश खरे), कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा म.प्र.**

G-24995/24 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## यात्रियों से भरी बस पलटने से 7 लोगों की दर्दनाक मौत, 11 अस्पताल में भर्ती

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में एक अंतरप्रांतीय बस के पलटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। गुआयाकिल अग्निशमन विभाग ने सड़क के किनारे पलटी हुई बस की तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह चार बजे (0900 जीएमटी) एल कोंसुएलो जिले के पास गुआयाकिल-प्लायास राजमार्ग पर हुई। विभाग ने आपातकालीन स्थिति से निपटने तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए छह एम्बुलेंस, दो बचाव इकाइयां तथा दो लड़ाकू इकाइयां भेजीं। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि दुर्घटना का कारण क्या हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इक्वाडोर में यातायात दुर्घटनाएं मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं, मुख्य रूप से तेज़ गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण।

## ट्रंप प्रशासन ने रद्द किया 300 विदेशी छात्रों का वीजा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कैंपस एक्टिविज्म को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। ट्रंप प्रशासन ने 300 अंतरराष्ट्रीय छात्रों का वीजा रद्द कर दिया है। ट्रंप प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई के बाद अमेरिका में रहने वाले कई भारतीय और अन्य देशों के छात्रों के हड़कंप मच गया है। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया है कि अभी और भी छात्रों पर डिपोर्टेशन की कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी प्रशासन ने यह बड़ी कार्रवाई संयुक्त राज्य अमेरिका में कैंपस एक्टिविज्म मामले में शामिल छात्रों को निशाने पर रखकर की है। यह कार्रवाई कैंपस एक्टिविज्म के तहत हुए विरोध प्रदर्शनों में शारीरिक रूप से मौजूद छात्रों के अलावा वैसे छात्रों पर भी की जा रही है, जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और इंटरनेट में किए गए राष्ट्र-विरोधी पोस्ट पर लाइक, शेयर और कमेंट किया है।


## कार्यालय नगरपालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक /10092/राजस्व/2025 — सिंगरौली दिनांक-28-03-2025

### इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम सिंगरौली के नवजीवन विहार आवसीय एवं व्यवसायिक योजना एवं हर्राई आवासीय योजना के नीचे उल्लेखित लीज धारकों के द्वारा उन्हें आवंटित भूखण्ड की लीज म.प्र. अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के नियम 20 के अन्तर्गत समाप्त कर फ्री होल्ड किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | लीजग्रहिता का नाम/पिता का नाम | भूखण्ड क्र. | साईज |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री रामजी शाह पिता श्री रामगुलाब शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 09 | 04X06 मी |
| 02 | श्री जगदीश प्रसाद शाह पिता श्री छोटेलाल शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 20 | 04X06 मी. |
| 03 | संतलाल शाह पिता श्री जगदीश प्रसाद शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 90 | 03X07 मी. |
| 04 | श्री बसन्तलाल शाह पिता श्री जगदीश प्रसाद शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 91 | 03X07 मी. |
| 05 | श्रीमती चन्द्रवती शाह पति श्री समयलाल शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 89 | 03X07 मी |
| 06 | श्री संतोष कुमार शाह पिता श्री रामजी शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 151 | 03X07 मी |
| 07 | श्रीमती सोनमति शाह पति श्री जीरेलाल शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 88 | 03X07 मी |
| 08 | श्री जीरेलाल शाह पिता रामगुलाब शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 14 | 04X06 मी |
| 06 | श्रीमती सोनमति शाह पति श्री जीरेलाल शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 130 | 03X07 मी |
| 09 | श्री जीरेलाल शाह पिता रामगुलाब शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 131 | 03X07 मी |
| 10 | श्री जीरेलाल शाह पिता रामगुलाब शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 102 | 03X07 मी |
| 11 | श्रीमती सोनमति शाह पति श्री जीरेलाल शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 103 | 03X07 मी |
| 12 | श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता पिता बालेश्वर प्रसाद गुप्ता | हर्राई आवसीय भू.क्र. 124 | 12X18 मी |
| 13 | श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता पिता बालेश्वर प्रसाद गुप्ता | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 01 | 04X06 मी. |
| 14 | श्री रामजी शाह पिता श्री रामगुलाब शाह | नवजीवन विहार व्यवसायिक भू.क्र. 150 | 03X07 मी. |
| 15 | श्री गरजेश गोयल पिता स्व. राम किशन गोयल एवं श्रीमती मीनू गोयल पत्नी श्री गरजेश गोयल | हर्राई आवसीय भू.क्र. 135 | 12X18 मी |

उपरोक्त भूखण्डों की लीज समाप्त कर फ्री होल्ड किए जाने से यदि किसी का वैधानिक हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में अभिलेख सहित आपत्ति प्रस्तुत्त कर सकते है। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी तथा भूखण्डों को फ्री होल्ड करने की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**राजस्व अधिकारी,**
**नगरपालिक निगम सिंगरौली**


# प्रथम पृष्ठ का शेष

## मुख्यमंत्री करेंगे......

सरकारी स्कूलों के बच्चों को शिक्षण सत्र शुरू होते ही अप्रैल माह में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हो जायें। कक्षा एक से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिये करीब 5 करो? 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ 2 लाख फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी (एफएलएन) अभ्यास पुस्तिकाएं और करीब 26 लाख ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम**-स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को प?ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ**-स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जु?ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जु?ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक-सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

**हार के आगे जीत**-स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्य-योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।


## कार्यालय सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय जिला बालाघाट ( म.प्र. )

क्रमांक / निविदा/2025/280 — बालाघाट दिनांक 26/03/2025

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में 2025-26 एवं 2026-27 ( दो वर्ष ) के लिये जिला चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर के कपडे धुलाई के कार्य कि निविदा कराये जाने हेतू एम.पी.ई.टेंडर से तृतीय निविदा किया जाना है।

टेंडर डाक्यूमेंट जिसमें शर्तों का उल्लेख है इसका अवलोकन वेब साईड http://www.mptenders.gov.in में जाकर टेंडर डाक्यूमेंट 1000/- राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है लांड्री कि निविदा के लिये ऑनलाईन धरोहर/अमानत राशि 20,000/ ( बीस हजार ) जमा करना आवश्यक होगा। जमा की गई राशि की छायाप्रति टेंडर डॉक्यूमेंट में संलग्न करना अनिवार्य होगा। एवं दर बिड खोलने पश्चात सफल निविदाकार को निष्पादन सुरक्षा राशी 50000 ( पचास हजार रूपये ) रोगी कल्याण समिति के नामे जमा कराना होगा। निविदाएं दिनांक 04/04/2025 सायं 05.00 बजे से प्रारंभ होकर अंतिम तिथि 21/04/2025 दोपहर 12.00 बजे तक भरी जा सकती है निविदाओं की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य नही है। टेक्नीकल बीड / निविदाए/23.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे जिला चिकित्सालय कि निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी। एवं दर बिड खोले जाने कि सूचना पृथक से दि जावेगी। निविदाओं को निरस्त करने का पुर्ण अधिकार निविदा समिति व अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। जो अंतिम व सर्वमान्य होगा। निविदाकार का उपस्थित होना अनिवार्य नही है।

**सिविल सर्जन**
**सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट**

G-25001/24 — स्वच्छता ही सेवा

# देश-प्रदेश

## उवाच: मोदी सरकार ने की शिक्षा व्यवस्था की हत्या : सोनिया



**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने बीजेपी की लीडरशिप वाली केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुद्दे पर घेरा है। सोनिया ने आरोप लगाया कि सरकार जरूरी चर्चा के बगैर रानजीतिक उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हुए ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 थोप रही है। दरअसल एक अखबार में प्रकाशित एक लेख में सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि एनईपी 2020 सरकार के लिए केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकता के '3C' वाले अपने मूल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एक साधन है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास आग लगने से झुलसीं, घर में आरती करते समय हुआ हादसा



**उदयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास सोमवार को राजस्थान के उदयपुर शहर में अपने घर में आरती के दौरान हादसे का शिकार हो गईं. 79 वर्षीय गिरिजा व्यास को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया. यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद रेफर किया गया।

बताया जाता है कि गिरिजा आरती कर रही थी. तभी जलते दीपक से उनके दुपट्टे में आग लग गई. परिवार के सदस्य उन्हें अस्पताल ले गए. घर में ही काम कर रहे लोगों ने उन्हें संभाला. गिरिजा व्यास की बहू हितांशी शर्मा ने बताया कि उनकी सास गणगौर पूजा कर रही थीं. इसी दौरान नीचे जल रहे दीपक से चुन्नी ने आग पकड़ ली. इससे वह झुलस गईं। वे राज्य और केंद्र सरकार में मंत्री के अलावा राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यख भी रह चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गिरिजा व्यास के झुलसने पर चिंता जताई है. इस दौरान उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.गिरिजा व्यास के आग से झुलसकर घायल होने का समाचार काफी

### प्रदेश में शुरू होगी मुख्यमंत्री परिवहन सेवा, मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के बाद होगा योजना का क्रियान्वयन

# सुदूर क्षेत्रों में आसान होगा आवागमन

- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा में क्षेत्रीय कंपनियां गठित होंगी
- जिला स्तर पर गठित की जाएंगी यात्री परिवहन समितियां



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। सचिव परिवहन मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जायेंगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी।

बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के मुख्यमत्री का किया स्वागत

## गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा : पटेल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम स्टेट हैंगर भोपाल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी के आगमन पर उनका पुष्प-गुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल और गृह मंत्री श्री संघवी को राजा भोज की प्रतिमा भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा मैया ने मध्यप्रदेश और गुजरात को समद्ध बनाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अनेक नगरों में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु निवास करते हैं। गुजरात के साथ ही मध्यप्रदेश से भी अन्य देशों तक जाकर गुजराती समाज के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने परिश्रम से स्थान बनाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत से भाव-विभोर होकर कहा कि उन्हें यहां आकर आत्मीयता का अहसास हुआ है। गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा है। सदाकाल गुजरात-भोपाल के माध्यम से इन संबंधों में नया आयाम जुड़ रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल सदाकाल गुजरात-भोपाल कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भोपाल पधारे हैं। गुजरात और मध्यप्रदेश के संबंधों में एक नया आयाम सदाकाल गुजरात कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ रहा है। गुजरात से बाहर बसने वाले गुजरातियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए सदाकाल गुजरात-भोपाल का कार्यक्रम किया गया।

## राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल के संबंध में की चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है।

राज्यपाल श्री पटेल द्वारा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

## दिल्ली में मासूम पर नाबालिग लड़के ने चढ़ाई कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में गली में खेल रही 2 साल की बच्ची को कार से कुचलने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। कार एक पड़ोसी की थी, जिसे 15 साल का नाबालिग चला रहा था। यह घटना करीब सवा छह बजे पहाड़गंज के राम नगर में हुई। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के के पिता पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की कार जब्त कर ली गई है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हुंडई वेन्यू कार 15 साल का एक लड़का चला रहा था। यह दुर्घटना रविवार को उस वक्त हुई जब बच्ची अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कार को धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि नाबालिग ने बच्ची अनाबिया से लगभग एक मीटर दूर गाड़ी को रोकता है। इसके बाद अचानक कार चल देती है।

वीडियो में कार चला रहे नाबालिग लड़के को इस बात का अंदाजा नहीं होता है कि बच्ची सड़क पर ही है। कार आगे बढ़ती है और बच्ची को कुचलते हुए आगे बढ़ जाती है। आसपास खड़े लोग कार की ओर दौड़ते हैं तो लड़का कार पीछे करता है। इसके बाद लोग बच्ची को पहिये के नीचे से निकालते हैं। बच्ची को अस्पताल ले जाया जाता है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### भाजपा पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक में बोले शिवप्रकाश

# एक देश, एक चुनाव और वक्फ विधेयक को लेकर जनता के बीच जाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता अच्छे कामों के लिए समाज में जागरुकता लाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ समाज को सशक्त बनाकर उसे आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाज के सामने कभी-कभी ऐसे विषय आ जाते हैं, जिसको लेकर समाज में कुछ लोग भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। इसलिए आप सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि समाज को सही दिशा दें। इसके लिए आप सभी को समय-समय पर अलग-अलग विषयों को लेकर जागरूकता लाने का कार्य करना होगा। उन्होंने आज यहां पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और पूर्व जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन का बिल हो या वक्फ का विधेयक, यह सभी जनता के और समाज के हितों को देखते हुए ही लाए जा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कार्यकर्ता बैठकों में अपने आसपास, मोहल्ले, समाज और देश के मुद्दों पर चर्चा करें और जनता को भी वास्तविकता से अवगत कराएं, ताकि देश और समाज को तोड़ने वाले अपने मंसूबों में सफल न होने पाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार एवं आभार प्रदेश महामंत्री व विधायक हरिशंकर खटीक ने व्यक्त किया।

### अंबेडकर जयंती पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे कार्यकर्ता: शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बैठक में बताया कि पार्टी 14 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण, मिष्ठान वितरण कर जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ता प्रदेशभर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव का सेवा कार्य किया जाएगा। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के नेताओं के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पड़ावों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसी दिन पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में झंडा लगाएंगे। कार्यक्रमों में मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस का उत्सव बनाया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। 8 और 9 अप्रैल को सभी मंडल स्तर पर पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### जिला स्तर पर विकास समितियां बनेंगी, सुझावों पर अमल करेगी सरकार : डॉ. यादव

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास समितियों का गठन किया जाएगा। जो विकास को लेकर अपने सुझाव और अनुशंसा देंगी। प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से अगले तीन महीनों के लिए जल गंगा संरक्षण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई, उनका जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अलावा वाटर रिचार्ज के काम भी किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों में भाग लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास की अनेक योजनाएं लागू की हैं, पार्टी कार्यकर्ता विकास के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जब 1956 में बना था तब गेंहू की खरीदी 96 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होती थी। उसके बाद 55 सालों तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन गेहूं की कीमत में सिर्फ 500 रुपये की वृद्धि हुई। वर्ष 2003 के बाद के 20 सालों में भाजपा की सरकार ने गेहूं की कीमत में 2000 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। कांग्रेस के जमाने में प्रति व्यक्ति आय 11,000 रुपये हुआ करती थी, जिसे भाजपा की सरकार ने 1,52,000 रुपये तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में योगदान के लिए मध्यप्रदेश ने भी अपना लक्ष्य तय किया है और हम उस समय तक प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 22,50,000 रुपये तक पहुंचा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गेहूं की तरह दूध उत्पादन पर भी बोनस दे रही है। गौशालाओं में प्रति गौवंश सरकारी अनुदान 20 से बढ़ाकर 40 रुपये कर दिया गया है तथा जो व्यक्ति 10 से अधिक गाय पालेगा, उसे सरकारी अनुदान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 90 दिन चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रतिदिन लोकार्पित की जाएंगी जल संरचनाएं

# जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। जनता को साथ लेकर प्रदेश के चहुँमुखी विकास की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण में भी प्रदेश की जनता को जोड़ते हुए उनसे सुझाव आमंत्रित किये गये। प्रदेश में सभी प्रमुख त्यौहार भी प्रदेशवासियों को साथ लेकर मनाने की शुरूआत की गई है। अब 30 मार्च से प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान में भी जन-भागीदारी को प्राथमिकता के साथ जोड़ा गया है। जल संकट को दूर करने बारिश के जल को अधिक से अधिक संग्रहण करने 30 मार्च से प्रांत व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट से किया गया। इसमें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान प्रति दिन छोटी-बड़ी जल संरचनाएं निर्मित कर लोकार्पित की जाएंगी। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश के भू-जल स्तर में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से मानवता ही नहीं समूची प्रकृति का जीवन अस्तित्व बचाए रखने के लिए पानी की बूंद-बूंद बचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्रं.12/2024-25/ एम-53 दिनांक 31.3.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार खेमानी पिता स्व. श्री जागनदास खेमाजी ने मकान नं. 60/1 का भाग वार्ड लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 159 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 159 व.फु. भूतल 159 स्वयं व्यवसाय विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। (सं. अधि. स्वीकृति दिनांक 31.03.2025 अनुसार)
राजस्व निरीक्षक संभाग क्र.-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3582

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्रं.12/2024-25/ एम-52 दिनांक 31.3.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सोमा गिरी पति सुन्दर गिरी ने मकान नं. 557/1/ए-1 वार्ड महर्षि अरविन्द कुल क्षेत्रफल 1983 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 2176 व.फु. भूतल 1088 व.फु. प्रथम तल 1088 व.फु. विक्रय पत्र (सेलडीड) के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। (सं. अधि. स्वीकृति दिनांक 31.03.2025 अनुसार)
राजस्व निरीक्षक संभाग क्र.-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3582

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्रं.12/2024-25/ एम-54 दिनांक 31.3.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र साहू पिता स्व. श्री वीरन लाल साहू ने मकान 718 वार्ड लोकमाल्य तिलक कुल क्षेत्रफल 124 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 124 व.फु. भूतल 124 व.फु. स्वयं व्यवसाय विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। (सं. अधि. स्वीकृति दिनांक 31.03.2025 अनुसार)
राजस्व निरीक्षक संभाग क्र.-12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3582

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 30.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शैली जैन पत्नि श्री सचिन जैन ने वार्ड क्रमांक- 65 वार्ड का नाम .... के भवन क्रमांक- 1351/ 2 बी कैलाशपुरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 100399416, 44501640, जलकर सर्विस क्र. 1002493823 डोर टू डोर क्र. 1000166234 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 800 व.फु. प्रथम तल 600 वर्गफुट आरसीसी द्वितीय तल ... पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राजेश कुमार सोनी पिता स्व. श्री जमना सोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3579

# ईपीएफओ : पीएफ निकासी के लिए ऑटो सेटलमेंट की सीमा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 7.5 करोड़ सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के लिए ऑटो सेटलमेंट ऑफ एडवांस क्लेम (एएसएसी) की सीमा को 1 लाख रुपये से 5 गुना बढ़ाने यानी 5 लाख करने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाल से यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने पिछले सप्ताह केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की कार्यकारी समिति (ईसी) की 113वीं बैठक में ऑटो सेटलमेंट की सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

28 मार्च को श्रीनगर में हुई थी बैठक

यह संशोधन ईपीएफओ के करोड़ों सदस्यों के लिए जीवन को आसान बनाएगा। यह बैठक 28 मार्च को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हुई थी। बैठक में ईपीएफओ के केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने भाग लिया था। अब इस सिफारिश को सीबीटी की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सीबीटी की मंजूरी मिलने के बाद ईपीएफओ के सदस्य एएसएसी के जरिए 5 लाख रुपये तक पीएफ निकाल सकेंगे। ऑटो सेटलमेंट ऑफ एडवांस क्लेम को सबसे पहले 2020 में शुरू किया गया था, उस समय इसकी सीमा 50 हजार रुपये तक थी।

**पहले 1 लाख रुपये थी सीमा-** इसके बाद मई 2024 में ईपीएफओ की ऑटो क्लेम सेटलमेंट सुविधा की सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया गया था। यह सुविधा बीमारी, मकान, शादी और शिक्षा से जुड़े काम के लिए एडवांस लेने पर लागू होती है। वहीं, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की 1 दिसंबर को हुई बैठक में कई फैसले लिए गए थे। इसमें एम्प्लॉयीज डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजना के फायदे को 28 अप्रैल 2024 से पहले की तारीख से लागू करने की मंजूरी भी दी गई थी। इसके तहत न्यूनतम बीमा लाभ 2.5 लाख रुपये और अधिकतम 7 लाख रुपये तक मिलेगा। इस योजना के तहत मृत्यु के मामले में सदस्य के आश्रितों को बीमा कवर दिया जाता है।

### अब 3 और श्रेणियों के लिए मिलेगी ये सुविधा

ईपीएफओ ने 3 और श्रेणियों के लिए एडवांस क्लेम का ऑटो मोड निपटान भी शुरू किया है। इसमें शिक्षा, विवाह और आवास शामिल है। इससे पहले ईपीएफओ सदस्य केवल बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने के लिए ही अपना पीएफ एडवांस क्लेम के ऑटो मोड के जरिए निकाल सकते थे। ऑटो-मोड क्लेम का निपटान 3 दिन के भीतर कर दिया जाता है और अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटो सेटलमेंट हो जाते हैं।

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 01 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मोदी की नागपुर यात्रा संतुलन की कवायद

अपने प्रधानमंत्रित्व काल के तकरीबन 11 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को नरेन्द्र मोदी ने इतना मजबूत बना दिया है कि उसके अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह कहने में न तो संकोच हुआ और न ही डर लगा कि 'अब भाजपा इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ज़रूरत नहीं रह गयी है'। देश ने अब तक भाजपा के दो ही प्रधानमंत्री देखे हैं- मोदी के अलावा अटल बिहारी वाजपेयी। तीन बार पीएम का पद सम्हालने वाले वाजपेयी का कार्यकाल हालांकि एक ही बार पूर्णकालिक रहा था (पहले दो बार क्रमश: 13 दिन व 13 माह का)। अटल बिहारी वाजपेयी 2007 में गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान संघ मुख्यालय गए थे, लेकिन तब वह प्रधानमंत्री के पद पर नहीं थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 से अब तक यहां आने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। 11 सालों बाद 2025 में अब कहीं जाकर मोदी ने रविवार को यहां का दौरा किया। वे भवन में स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर भी गये जहां संघ के संस्थापक हेडगेवार तथा दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक हैं। इससे पहले मोदी 2013 में यहां आये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संघ के पदाधिकारी तथा प्रवक्ता इसे 'गैर राजनीतिक यात्रा' बता रहे हैं, लेकिन संघ से वाकई बड़े हो चुके मोदी के यहां आने का मकसद,वह भी इतनी देर से, ढूंढ़ा जा रहा है।

पहली बात यह कही जाती है कि नड्डा के उपरोक्त उल्लेखित बयान के कारण भाजपा तथा संघ के बीच रिश्तों में आई दरार को पाटने मोदी यहां आये थे। इतना ही नहीं, यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अगले साल बिहार में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा हुई होगी। कोई कह सकता है कि इस दौरान जब मोदी ने लोकसभा के तीन और न जाने कितने राज्यों के विधानसभा चुनाव जीत लिये तो अब बिहार का चुनाव जीतने हेतु उन्हें संघ प्रमुख से चर्चा करने के लिये क्योंकर आने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। बिहार के बारे में पिछले कुछ समय से भाजपा तथा संघ गम्भीर हैं। वह इस मायने में कि प्रदेश की भाजपा इकाई ने यह कहकर बिहार जीतने की मंशा जाहिर की है कि, 'पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यहां भाजपा का मुख्यमंत्री बने।' हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिहार का पांच दिवसीय दौरा किया था। इन सारी बातों को जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे नड्डा की बात में दम तो है कि संघ के बिना भाजपा को चुनाव जीतना आता है। वे दिन गये कि संघ के असंख्य कार्यकर्ता वर्तमान भाजपा और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के प्रत्याशियों के लिये चुनावी श्रम करते थे। अब भाजपा कायकर्ताओं के बल पर नहीं वरन केन्द्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर आदि के जरिये विपक्ष को खत्म कर, ऑपरशन लोटस, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉड्स से इकट्ठी धन राशि, समर्थक मीडिया, आईटी सेल आदि के बल पर चुनाव जीतती है।

वैसे तो जब सक्रिय राजनीति में शामिल या सत्ता में बैठे लोग आरएसएस से दूरी बनाकर रखते हैं, तो यह संघ के उस विमर्श को बढ़ाने में मददगार साबित होता है जिसमें कहा जाता है कि 'संघ एक सांस्कृतिक संगठन है' तथा 'उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।' हालांकि संघ व भाजपा के अंतर्संबंधों का पर्याप्त खुलासा हो चुका है तथा अब इस बात को बाहरी ही नहीं, खुद दोनों संगठनों के लोग नहीं मानेंगे।

बहरहाल, संघ कार्यालय में उन्होंने अपने 34 मिनट के भाषण में संघ की स्वाभाविकत: भरपूर तारीफ की। उसे 'वटवृक्ष' बताया तथा कहा कि 'संघ उनके जैसे लाखों लोगों को देश के लिये जीने की प्रेरणा है।' फरवरी में मुम्बई में हुए भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तथा हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ हुई चर्चा में भी मोदी ने संघ की प्रशंसा की थी तथा अपने जीवन पर संगठन के पड़े प्रभाव को बतलाया था। अपने भाषण में मोदी ने देश में हुई विभिन्न त्रासदियों में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों को मदद पहुंचाने का ज़िक्र भी किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कोरोना काल में जब लाखों देशवासी ऑक्सीजन, दवाओं तथा बिस्तरों के अभाव में मर रहे थे, उस दौरान अथवा इसी साल जनवरी-फरवरी में प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ के दौरान हुई भगदड़ों से प्रभावित लोगों की संघ ने क्या सेवा की। हालांकि अब यह सर्वज्ञात है कि संघ की भूमिका व योगदान सिफर ही था। हां, इस दौरान वे हिन्दू-मुस्लिम खाई चौड़ी करने में पहले की तरह ही सक्रिय थे।

अपनी नागपुर यात्रा के दौरान पीएम ने दीक्षाभूमि के दर्शन भी किये। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने 1956 में अपने लाखों अनुयायियों को बौद्ध धर्म में प्रविष्ट कराया था। वह एक ऐतिहासिक घटना तो है लेकिन मोदी का वहां जाना मार्के की बात है, क्योंकि संघ का अंबेडकर, उनके संविधान, खासकर आरक्षण के कारण प्रबल बैर रहा है- वह भी आरम्भ से ही। हालिया दौर में संविधान का मुद्दा भारतीय राजनीति के केन्द्र में आ गया है। 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटें चाहती थी ताकि संविधान बदला जाये। जब इसी मुद्दे ने भाजपा को अल्पमत में ला दिया व दूसरे दलों की मदद से उसे सरकार बनानी पड़ी, तो मोदी व भाजपा को खुद को संविधान का रक्षक साबित करना ज़रूरी हो गया है। इसी विमर्श ने मोदी को दीक्षाभूमि में ला खड़ा किया। सिर्फ संघ कार्यालय या केवल दीक्षाभूमि जाते तो दोनों ही स्थितियों में उन्हें अड़चन होती। उनकी नागपुर यात्रा संतुलन बनाने की कवायद है।

# गुझिया भी सिवंइयां भी : देश की तरक्की की दुआएं भी!

अभी तीन दिन पहले अलविदा का जुमा- था, रमजान का आखिरी जुमा उस दिन भी लिखा था कि टीवी वालों को मस्जिदों से लाइव टेलिकास्ट करके पूरे देश को बताना चाहिए कि मुस्लिम क्या करते हैं? क्या दुआएं मांगते हैं?

क्या देश की तरक्की, सबकी खुशियां, हिन्दू-मुसलमान हर धर्म के लोगों की भलाई की प्रार्थनाएं हर मस्जिद से नहीं होती हैं?

नहीं बताया। गोदी मीडिया को यह आदेश नहीं है। वह गुलामी के सबसे खराब दिनों से गुजर रहा है। प्यार, मोहब्बत, भाईचारे को आंखों से देखकर भी वह उसके बारे में बता नहीं सकता। एक बड़े टीवी चेनल के मालिक उसके प्रमुख एंकर हैं तो पत्रकार भी कहते हैं खुद को वे दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम की इफ्तार की दावत में गए। बहुत खुश होकर शाही इमाम की तारिफ की। मुसलमानों ने उनका कैसा स्वागत किया यह बताया। मगर अपने टीवी पर प्रेम, भाइचारे की कितनी खबरें चलाईं, कितनी डिबेट कीं पता नहीं।

टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

कोई भी धर्म जाति ऐसे नहीं बदल जाती। कोई क्या कह रहा है, क्या कर रहा है उससे आप खुद को नीचे नहीं गिरा लेते। देश में न हिन्दू नफरती हुआ है और न मुसलमान।

संभल के उस पुलिस के सीओ के मालूम नहीं कि गुझिया मुसलमान कितनी खाता है और कितनी खिलाता है। हमारे यहां जितनी सिवंइयां खिलाई जाती हैं। उससे ज्यादा गुझिया। हम तो बहुत जगह रहे हैं अपने गृह राज्य मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान जयपुर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, एनसीआर। बहुत सारे दोस्त हैं। सबको मालूम है कि होली, दीवाली, दशहरा और दशहरा तो हमारे गृह नगर दतिया मध्य प्रदेश में हमारे दादा साहब ( और उनसे पहले इनके वालिद, पूर्वजों) की तलवार के वार के बिना मनता नहीं था। दूर-दूर से लोग रियासत दतिया का दशहरा देखने आते थे। शहर के सबसे बड़े मैदान सुरय्यन में दतिया महाराज गोविन्द सिंह जू देव कई दिनों से पाले एक शक्तिशाली भैंसे पर भाले से प्रहार करते थे। और इसके साथ ही उसकी रस्सी काट दी जाती थी। क्रोधित भैंसा तेजी से भागता था। विशाल मैदान जो अब खेल स्टेडियम बना दिया गया है, के चारों तरफ भीड़ होती थी।

भैंसे के खुलते ही घुड़सवार सरदार उसके पीछे भागते थे। महाराज का हुक्म होता था कि रियाया तक नहीं पहुंच पाए। जनता को चोट नहीं पहुंचे। उधर जनता उन्माद में जोर-जोर से चिल्लाती



शकील अख्तर

टीवी देखने की अब हिम्मत नहीं है, अख़बार ही नहीं पढ़े जाते! गोदी मीडिया ने घृणा कहीं और फैलाने की कोशिश की थी मगर वह सबसे ज्यादा खुद उसके खिलाफ फैल गई। जैसे घृणित चीज से आदमी दूर रहता है वैसे ही इनके टीवी और अखबारों से रहने लगा। मगर मुसलमान का प्यार सम्मान वैसा ही रहा। रोजा इफ्तार में आपने देखा ही कि बुलाया और पूरा सम्मान दिया।

थी। घबराया भैंसा कभी उनकी तरफ कभी पीछा करते घुड़सवारों की तरफ कभी जहां महाराज हाथी पर बैठे होते थे उस तरफ कहीं भी दौड़ पड़ता था। और ऐसे में दतिया और बुंदेलखंड में कहावत है कि पहला हाथ मोहम्मद हादी खां साहब ( हमारे दादा साहब) का पड़ता था। मतलब भैंसे के गर्दन पर पहला तलवार का वार।

तो लिखा इसलिए कि अब ईद पर भी जो सवाल उठाए जा रहे हैं तो देश में ईद ही नहीं मुसलमान सदियों से हर त्यौहार दशहरा, दीवाली, होली सब मिलजुल कर मनाता है।

और बताते हैं कुछ। दीवाली का जिक्र किया। तो शायद पहले लिख भी चुके हैं। कोई बात नहीं। अच्छी बातें प्रेम भाईचारे मेल-मिलाप की जितनी बार बताई जाए कम है। तो दीवाली हमारे यहां कैसे मनाई जाती थी। उसकी निशानी तो आज भी हमारे पास है। 1962 की बात है। सबसे छोटी बहन हुई थी। सब उसमें लगे थे। मगर दीवाली भी मन रही थी। हम सबसे बड़े लड़के तो सारे पटाखों पर कब्जा करे थे। आठ साल के थे। पापा उधर मां-बहन में व्यस्त थे। और हमने उनके सिगरेट का डिब्बा खाली किया। टिन का होता था। उसके नीचे रखा बड़ा सुतली बम और चला दिया।

टिन का डिब्बा सीधा आकर हमारे मुंह पर। खून ही खून। सब भागते हुए आए। एक ही बात कि आंख में तो नहीं लगा। हमें तो कुछ पता नहीं। आंखें तो बंद थीं। मगर कहा- नहीं लगा। आवाज आई आप तो चुप रहिए। आपका हिसाब तो बाद में किया जाएगा। पहले यह बताओ कि यह सिगरेट का डिब्बा आया कहां से? सिगरेट कौन पीता है? यह दादा साहब थे। सब चुप। खैर आंख बची। नाक पर कई टांके लगे। अभी भी निशान हैं। तो ऐसे मनता था दशहरा ऐसे मनती थी दीवाली। ईद पर तो हम नहीं बताएंगे। क्योंकि ईद पर ही इन सबकी नफरत फैलाने वालों की निगाहें लगी हुई हैं। वह दोस्तों में से कोई भी बता सकता है।

तो बात गुझिया से शुरू हुई थी। तो वह भी बता दें। जम्मू में थे। बेटा हुआ था। तत्काल बाद ही होली थी। अब होली में गुझिया की खोज शुरू हुई। बेटा होने के कारण घर में बनाने की स्थिति थी नहीं। पूरे जम्मू में कहीं भी गुझिया नहीं मिली। बनाई ही नहीं जाती थी। वहां प्रचलन में ही नहीं थी। अब आ गई हो तो पता नहीं। वहां का सबसे बड़ा त्यौहार लोहड़ी हुआ करता था। राखी को रक्खड़ी बोलते हैं। वह भी बड़ा त्यौहार था। होली जब हम वहां मनाते थे लोग कहते थे आपके यहां ज्यादा मनती है। वह आपके यहां भौगोलिक पहचान की बात थी। धर्म की उस समय ऐसी बातें नहीं होती थीं। और सांस्कृतिक विभिन्नता, खान-पान का फर्क कैसा था यह हमने बता ही दिया कि होली बिना गुझिया के।

और बताते हैं। भाजपा के लोग कह रहे हैं कि ईद पर नानवेज क्यों? अब तो पूरे भारत की पार्टी हो गई है! तो पूरे भारत के बारे में मालूम होना चाहिए! कश्मीर की शिवरात्रि के बारे में भी। कश्मीरी पंडितों का सबसे बड़ा त्यौहार। बड़ा दिन कहते हैं इसको। और इस दिन नान वेज बनता है। खाते हैं खिलाते हैं।

कहां ले जा रहे हैं यह देश को। ईद पर नानवेज मना किया है। कई मुस्लिम नेताओं ने कहा नहीं खाना चाहिए। नहीं खाएंगे। आम मुसलमानों में से भी बहुत लोगों की अपीलें देखीं। बहुत लोग नहीं खाएंगे। शायद पहली बार होगा। मगर एक बात और बता दें कि इस बार पहली बार यह भी हुआ है कि होली पर नान वेज खाया गया। हमारे यहां तो पहली बार। जैसा बताया कि होली पर सब वैज वही बनता था जो हमारे हिन्दू दोस्तों के यहां बनता रहा। मगर यहां बिहार के बहुत लोग दोस्त बने। होली के दिन तो मटन खाना ही है वाले। हमारे घर में कोई सुन ले तो अभी भी डांट पड़ जाएगी कि होली के दिन मटन का क्या मेल!

हां, ईद पर वेज हमारे यहां नार्मल है। बहुत सारे दोस्त ऐसे थे जो नान वेज नहीं खाते। उनके लिए वेज के कई आइटम बनते थे और मजेदार बात यह भी बता दें कि भाजपा आरएसएस के भी बहुत दोस्त खाने पर आते थे। मगर जरूरी नहीं कि वे सब वेज हों। वेज नानवेज कभी इशु नहीं रहा। मगर अब तो यह कहां-कहां तक विभाजन पहुंचा देंगे कहना मुश्किल है।

मगर हम तो और हम क्या? देश के अधिकांश हिन्दू-मुसलमान सब यहीं कहेंगे-

चाहे जितनी कोशिश कर लो यह देश सब त्यौहार मिलजुल कर मनाता है। और मनाता रहेगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# क्या तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करेगी?

■ सुशील कुट्टी

विटकलबाजी' शब्द का प्रयोग आम बात है। अगर आपको नहीं पता कि क्या हो रहा है, तो 'अटकलबाजी' काम आता है। पत्रकारों के लिए 'अटकलबाजी' पर वापस आना स्वाभाविक है, ताकि कोई मुद्दा न उठाया जाये। अभी अटकलें लगाई जा रही हैं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच क्या बातचीत चल रही है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिर भी भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या पक रहा है, इस बारे में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की दिलचस्पी ने तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों को जकड़ लिया है। भाजपा और अन्नाद्रमुकनेताओं के बीच हुई बैठकों ने इस मामले को और भी उलझा दिया है। सबसे हालिया मुलाकात अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच देश की राजधानी दिल्ली में हुई।

इससे 'संभावित गठबंधन' की 'अटकलें' लगने लगीं और स्टालिन अपनी वास्तविक और काल्पनिक चिंताओं को कम करने के लिए इसकी पुष्टि चाहते थे। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और यह मोड़ 2025 के कुछ मोड़ों से ज्यादा दूर नहीं है: तमिलनाडु में चुनाव होंगे और द्रमुक सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है!

इसके अलावा, भाजपा यह अनुमान लगा रही है कि तमिलनाडु की जनता के बीच उसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। खासकर, भाजपा के तमिलनाडु में भविष्य के दारोमदार के अन्नामलाई के लिए, जो भाजपा के लिए एंटीना हैं और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए अभिशाप। जब भी एम के स्टालिन अपनी सरकार की उपलब्धियों पर आराम करते हैं, अन्नामलाई गुब्बारे में हवा भर देते हैं।

इतना ही नहीं, स्टालिन के उत्तराधिकारी उदयनिधि स्टालिन पिछले कुछ महीनों से असामान्य रूप से शांत हैं। युवा स्टालिन, अन्यथा, भूमध्य रेखा के इस तरफ सबसे ज्यादा बात करने वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने बहुत सारी बातें कीं। मुख्यमंत्री स्टालिन भी इस अटकलबाज़ी से चुप थे कि उनमें एक महान प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है!

कोई बात नहीं, यह एक सपना भी था और अटकलबाज़ी भी थी। इसके बारे में भी सोचें - अटकलबाज़ी थी कि स्टालिन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे या राहुल गांधी नहीं तो पिनाराई विजयन एक अच्छे प्रधानमंत्री बन सकते हैं!

इन सबके बीच, भाजपा और अन्नाद्रमुक एक बार फिर 'संभावित गठबंधन' के लिए बातचीत कर रहे थे। ऐसी बातें हमेशा राजनीतिक बवंडर में उड़ जाती थीं और भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों हमेशा अपनी-अपनी मीठी राह पर चलते थे, हाथ जेब में डाले हुए।

किसी को इस बात को स्पष्ट करना चाहिए। पत्रकारों पर इसे छोड़ना अब तक कारगर नहीं रहा है। पलानी स्वामी से संपर्क किया गया और उन्होंने कहा: 'हमारी विचारधारा अपरिवर्तित है। गठबंधन परिस्थितियों और अवसरों के अनुसार बदलेंगे। क्या सभी सहयोगी हमेशा के लिए द्रमुक के साथ रहेंगे? अगला चुनाव अगले मार्च में ही है, और हमारे पास इन मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक साल है।'

अगर ईपीएस अन्नाद्रमुक के इतने बड़े पदाधिकारी नहीं होते, तो उन्हें 'स्रोतों' की सूची से हटा दिया जाता। लेकिन फिर, अटकलें लगाने के लिए क्या बचा रह जाता? 'कुछ पर्यवेक्षकों' का मानना है कि 'अन्नाद्रमुक में कई लोग' वैचारिक मतभेदों के कारण अनुमान लगाने से हिचकिचाते हैं।

इसके बावजूद, तमिलनाडु की राजनीति में दोनों दलों के अस्तित्व के लिए भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन महत्वपूर्ण है इसलिए भी क्योंकि द्रमुक 'हिंदी थोपने' से लेकर 'द्रविड़ खतरे में है' तक, अत्यधिक भावनात्मक मुद्दों के समुद्र में पनपती है।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं और 'मात्र अटकलें' नहीं हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने घोषणा की है कि वह तमिलनाडु के 39 सांसदों का नेतृत्व करेंगे और 'निष्पक्ष परिसीमन' के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। यह चर्चा के बीच है कि स्टालिन अभी भी 'दक्षिण के राजनेताओं' के बीच 'दक्षिण में भाजपा विरोधी विपक्ष के चेहरे' के रूप में शीर्ष स्थान पर हैं।

ईपीएस और भाजपा दोनों ही एम के स्टालिन की स्थिति से वाकिफ हैं और अटकलें लगाई जा रही हैं कि पलानी स्वामी और शाह दोनों के पास भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों को परेशान करने वाली राजनीतिक विसंगतियों के सामने एक समझौते पर पहुंचने और आत्मसमर्पण करने के लिए बहुत कम समय है। ईपीएस और अमित शाह के बीच बैठक इस बात का संकेत थी कि दोनों पार्टियों, भाजपा और अन्नाद्रमुक को मिलकर काम करना होगा और 2026 के चुनावों के लिए बहुत कम समय बचा है। क्या यह बात के अन्नामलाई को समझ में आ गयी है, जो 2023 से ही अन्नाद्रमुक पर लगातार हमला कर रहे थे?

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने बेटे उदयनिधि की तरह अभिनेता नहीं हैं और न ही अपने पिता एम करुणानिधि की तरह गीतकार-पटकथा लेखक हैं, लेकिन वे अटकलों के उस्ताद हैं। अटकलों को हवा देने वाली बात यह है कि पलानी स्वामी-अमित शाह की मुलाकात, खास तौर पर इसकी 'टाइमिंग', द्रमुक को मुश्किल में डाल रही है क्योंकि वह परिसीमन और हिंदी थोपने के मुद्दे पर केंद्र के साथ मतभेद में है, जो दोनों ही 'वास्तविक' हैं।

इसलिए, भाजपा और अन्नाद्रमुक का 'शीर्ष नेतृत्व' आमने-सामने है। संदेश यह है कि मतभेदों को दूर किया जाना चाहिए और व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। यही कारण है कि द्रमुक नेतृत्व को यह अनुमान लगाने पर मजबूर होना पड़ा है कि 'भाजपा-अन्नाद्रमुक हलकों में क्या चल रहा है?' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अन्नाद्रमुक या भारतीय जनता पार्टी में किसी भेदिए की जरूरत है! यह तब है, जब चर्चा इस बात पर भी जोर दे रही है कि 'उच्चस्तरीय संचालन समिति' का गठन किया जायेगा और अन्नामलाई को संयम बरतने की चेतावनी दी गयी है। दूसरी तरफ, ईपीएस ने भाजपा से कहा है कि वह अन्नाद्रमुक के बागी टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीर सेल्वम को बाहर रखे।

भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन का एक लंबा और कभी-कभी मुश्किल भरा इतिहास रहा है, जो उस समय से शुरू हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और जे जयललिता अन्नाद्रमुक सुप्रीमो थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से चीजें नहीं बदलीं।

लेकिन जब 'अम्मा' ने दुनिया को अलविदा कहा, तो दोनों दलों ने एक बार फिर गठबंधन किया और यहां तक कि वे 2019 के लोकसभा चुनाव भी एक साथ लड़े। लेकिन 2019 और 2021 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की शानदार जीत ने उनके लिए आखिरी तिनका साबित किया। सितंबर 2023 में दोनों पार्टियों ने प्रधानमंत्री मोदी के चहेते, डार्क-हॉर्स के अन्नामलाई की मदद से अलग होने का फैसला किया।

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में अपने वोट शेयर में बढ़ोतरी देखी। अटकलें जारी हैं कि अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने से इसके वोट-शेयर और चुनावी प्रदर्शन में भी सुधार होगा। लेकिन अटकलें मुफ्त में आती हैं और इसमें कोई शर्त नहीं होती। वास्तविकता यह है कि 'वैचारिक मतभेद' हैं और अन्नाद्रमुक को एम के स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन से कम 'द्रविड़' नहीं माना जा सकता। बनिया-ब्राह्मण भारतीय जनता पार्टी द्रविड़ लूप से पूरी तरह बाहर है।

## आपके पत्र

### भूकम्प से दुनिया को गंभीर संकेत, म्यांमार,थाईलैंड में दुःखद हाहाकार

म्यांमार,थाईलैंड में भूकंप,प्रकृति से खिलवाड़ का क्रूरतम प्रतिफल ही है। हजारों की इहलीला खत्म हुई है, संपत्ति का नुकसान अलग हुआ है। लोगबाग बेखर हो चुकें हैं चारों तरफ तबाही का मंजर है। जिस तरह इन देशों में प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है और बेतरतीब वनों की कटाई, पानी का दुरूपयोग और बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं के निर्माण ने प्रकृति को ललकारा है नतीजे के तौर 4.1 रिक्टर का भूकंप भारी जानमाल की तबाही लेकर आया है। भूकंप के झटके भारत, चीन, इंडोनेशिया, बर्मा आदि में भी महसूस हुए हैं। हमें अब सावधान हो जाना चाहिए, प्रकृति से बेजा खिलवाड़ बंद करना होगा वर्ना भयावह नतीजे सामने हैं ही। हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई। आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई-नई तकनीक ट्रैक्टर, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनीयों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने,महानगर ब ने, मकान बने किन्तु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत। हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली,पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध काक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: शिलांग : इन पुरखों को प्रणाम

*'वाकया कोई दो सौ साल पुराना है। सन् 1830-40 के आसपास का। मेघालय की राजधानी शिलांग से लगभग अस्सी किलोमीटर दूर रिवाई गांव के निकट एक पहाड़ी नदी पर बने पुल की ओर हम चलते हैं। यह एक अद्भुत पुल है। यह न सीमेंट से बना है और न पत्थर से, और न ही लकड़ी के तख्तों से। सीमेंट का आविष्कार तो सौ साल बाद 1938 में हुआ। यह खासी जनजाति का इलाका है। नदी के उस पार गांव के लोगों को बरसात के मौसम में चारों तरफ से संपर्क कट जाने के कारण अनेक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। तब इस गांव के बुद्धिमानों ने एक उपाय खोजा। उन्होंने दोनों किनारों पर रबर के बहुत से पेड़ लगाए। प्रसंगवश कह दूं कि रबर पीपल की प्रजाति का ही एक वृक्ष है। ये पेड़ थोड़े बड़े हुए और इनकी जड़ें हवा में झूलने लगीं तो जड़ों को आपस में बांधकर पुल बना लिया गया। सुनने में बात बहुत सरल लगती है, लेकिन पेड़ों को लगाना, जड़ों का बढना, उनको आपस में जोडना और ऐसी मजबूती देना कि आने-जाने में कोई भय न हो, क्या कोई आसान काम रहा होगा?'*

**( देशबंधु में 30 मार्च 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_29.html

## गुरुवाणी विचार

### गउड़ी महला 9

साधो इह मन गहियो न जाई-
चंचल तिरिसना संग बसत है या ते थिर न रहाई।

इन पंक्तियों में नौवें नानक गुरुतेग बहादुरजी मानव मन को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि इंसान के मन को समझना बहुत कठिन है क्योकि इंसान के मन के साथ आशा, तृष्णा, नामक दो चंडालनें चिपकी रहती है जो उसे कभी सीधा चलने नहीं देती। मन कवि की कल्पना से भी तेज चलता है इसलिए उसकी पहुंच हर जगह हो जाती है। इसी कारण यह माया के जाल में फंसा रहता है और कभी भी सीधे रास्ते पर नहीं चल पाता। हर वक्त विषय विकारों में गलतान रहता है। माया रचियता अज्ञान के अंधेरे में पागल हाथी समान संसार में भटकता रहता है। जिस तरह हाथी को वश में लाने के लिए एक महावत अंकुश का इस्तेमाल करके काबू में रखता है। हमें भी सिमरन बंदगी रूपी मथनी से मथ कर प्रभु भक्ति में मन लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें ऐसी संगत में हर वक्त जाते रहना पड़ेगा जहां प्रभु कीर्तन होता हो। जहां प्रभु कथा होती हो तथा ऐसी पुस्तकें पढ़नी पड़ेंगी जिससे हम प्रभु के सिमरन बंदगी में अपने मन को जोड़ सकें। हालांकि यह बहुत ही कठिन काम है क्योंकि मन हर वक्त विषय विकारों की तरफ दौड़ता रहता है परन्तु हमें इसे जबरन प्रेरित कर साध संगत में ले जाना पड़ेगा। बार बार प्रभु कथा कीर्तन उसे सुनाते रहना पड़ेगा। ताकि एक आध अक्षर ही सही उसके हृदय में बस जाए। क्योंकि कहा गया है कि-कनका एक जिस जीऊ बसावै। ताकि महिमा गानी न पड़े। जिस तरह सागर की मौजों से टकराते टकराते अथवा नदी की लहरों से ठोकर खाते खाते एक टेढ़ा मेढ़ा पतथर भी मिलकर पूज्यनीय मूर्ति सालिग राम या शिवलिंग बन जाता है। ठीक उसी तरह बार -बार सतसंग करते करते मन कभी न कभी तो चेत जाएगा और प्रभु संकीर्तन में जुड़ जाएगा। क्योंकि आपदाओं तथा विघ्नों से जूझने वाला मनुष्य ही ज्ञानवान तथा चेतन सालिगराम बन जाता है। भक्त कबीर दास जी के मुताबिक यह मन बन का एक उड़न पखेरू है जो हर बात अपने उदर पोषण हेतु भटकता रहता है। कहे कबीर सुनो रे संतों ऐह मन उड़न पखेरू बन का।

अचेत मन हर वक्त दूसरों का बुरा ही मांगता रहेगा। साध संगत में भी कोई पूरा सुचेत रहता है कोई आधा सुचेत हो पाता है। कोई दस प्रतिशत। कथा सुनाने वाले भी अपनी रोजी रोटी की खातिर ही औरों को धार्मिक गीत सुनाते रहते हैं। कोई विरला ही प्रभु को मन में बसा पाता है। गरीब मुल्ला भी वैसे तो जाग जाग कर मस्जिद में पांचों वक्त नमाज अदा करता है पर उसका यह काम सिर्फ अपनी रोजी रोजगार का साधन ही होता है। इसलिए हमें भी परमात्मा के सिमरन बंदगी में मन रमाना चाहिए। हक की कमाई कर सरबद के भले की राह पर चल सके। तभी हमारा लोक और परलोक दोनों सुखी हो सकते हैं-

ऐह लोक सुखिये परलोक सुहेले
नानक हरि प्रभु आपै मेले।

इसलिए अपने मन को हर वक्त हमें समझाते रहना है। सिमरन भजन रूपी अंकुश मारते रहना पड़ेगा। इसलिए गुरुवाणी हिदायत देती है। इस मन को कोई खोजो भाई मन खोजत ना नवनिध पाई। हमने अगर मन को प्रभु के चरणों की तरफ मोड़ लिया तो समझ लो हमने नवनिधियां और अठारह सिद्धियों की प्राप्ति कर ली। मन जीते जग जीते। क्योंकि वह फिर अपने अंदर ही विराजमान प्रभु परमात्मा के दर्शन कर पाएगा इसलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है।

मन मेरया अंतर तेरे निधान है बाहर वसत न भाल।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# फर्जी वाड़ा से पंजीयन कराने वालों पर सख्ती: लोकेश कुमार लिल्हारे



## सेंट्रल जीएसटी आयुक्त की देशबन्धु से खास चर्चा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेंट्रल जीएसटी के आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे ने कहा है कि फर्जी तरीके से जीएसटी का लायसेंस या फेक टैक्स कर दाताओं पर लगाम कसने की कवायद की जा रही है। इसके लिये नई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इससे जीएसटी में टैक्स की चोरी पर और प्रभावी रूप में रोकने में मदद मिलेगी। वे **देशबन्धु** से खास चर्चा कर रहे थे।

श्री लिल्हारे ने बताया कि जिस तरह पासपोर्ट बनाने के लिये कड़े नियमों के तहत् आवेदक की पड़ताल की जाती है, इसी तर्ज पर अब जीएसटी का पंजीयन नंबर बनाते समय विशेष सावधानी बरती जायेगी। इसके अलावा ऐसे पंजीयन कर्ता जिन पर विभाग को शक है या उनके द्वारा बताई जानकारी भ्रम पैदा करती है, उनके दस्तावेजों को बारीकी से जांच करने का काम किया जाता है। इससे सरकार को कर के रूप में मिलने वाले राजस्व की हानि नहीं होगी। मैदानी एवं संबंधित अमले को इस बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं।

**ऐसे पकड़े जाएंगे फर्जी कर दाता-** बताया जाता है कि केंद्रीय जीएसटी के जबलपुर क्षेत्र में फर्जी कर दाताओं को रोकने अब जिस तरह के आधुनिक संसाधनों का उपयोग किया जायेगा, उसमें कर दाता की आंख की पुतली, हाथों की गदेली को स्केन किया जायेगा। इसके लिये आधार कार्ड की मदद ली जायेगी, आधार कार्ड बनाने के दौरान आवेदक की पहचान से जुड़ी उक्त बातों को देखा जाता है। इससे उसी व्यक्ति का पंजीयन हो पायेगा, जो इसका अधिकारी होगा।

**जीएसटी सुविधा केंद्र में आते हैं आवेदक-** यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि पूर्व में जबलपुर सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय में सुविधा केंद्र का शुभारंभ कमिश्नर श्री लिल्हारे ने किया था। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। जबलपुर के साथ आस-पास के करीब दो दर्जन से ज्यादा जिलों से आने वाले कर दाता आते हैं। जिसका लाभ यहां आने वालों को मिल रहा है। उनकी समस्याओं को त्वरित निपटाने का काम किया जा रहा है।

### आयुक्त कार्यालय की पहल सराहनीय

जबलपुर महाकोशल चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने जबलपुर सेंट्रल जीएसटी आयुक्त कार्यालय की पहल को सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि इससे ईमानदारी से अपना कारोबार करने वाले व्यापारिक घरानों को स्वच्छ और उपयुक्त माहौल मिलेगा, वहीं नियम विरूद्ध गलत तरीके से कर चोरी करने वालों को नसीहत मिलेगी। फर्जी तरीके से कारोबार करने वाले देश के दुश्मन हैं। जीएसटी से मिलने वाले कर का लाभ देश हित में किया जाता है। अनेक योजनाएं एवं विकास के बड़े प्रोजेक्ट इसी तरह मिलने वाले कर के रूप में मिलने वाली धन राशि से संचालित किया जाते हैं।

# चेतावनी: जबलपुर, रीवा, शहड़ोल, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में ओला और बारिश का अलर्ट

## गेहूं, चना की खड़ी फसलों के लिये संकट, किसानों की चिंता बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के आसमान पर बनने वाले नये सिस्टम के चलते आज 1 अप्रेल से अगले चार से पांच दिनों में जबलपुर, शहड़ोल, रीवा, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में तेज हवाओं के साथ ओला और बारिश गिरने के आसार हैं। इसी को देखते हुये लगातार रात के तापमान में कमी आ रही है। यह खबर किसानों को चिंता में डाल सकती है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि गेहूं, चना की फसल कटने को तैयार है। ऐसे में मौसम विभाग की चेतावनी वाकई ग्रामीण अंचल के लिये मुसीबत खड़ी करने वाली हो सकती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी बंगाल के समुद्रीय क्षेत्रों से बनने वाले नये परिवर्तन के कारण प्रदेश के कई जिलों में जहां तपन कमी होगी, वहीं बादल छा सकते हैं। 1 अप्रेल से चार अप्रेल या इससे आगे कुछ दिनों तक जिलों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवाओं के चलने के साथ ही ओला गिर सकती है। कुछ जिलों में मध्यम से तेज बारिश भी हो सकती है। इस बीच 31 मार्च को जबलपुर का अधिकतम तापमान 36.4 एवं न्यूनतम तापमान 16.5 जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। बीते साल 37.9 और 23.9 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। अभी उत्तर-पूर्वी हवाएं चार से पांच किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं।

### इन जिलों के अलर्ट जारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सतना, रीवा, शहड़ोल, सीधी, बुरहानपुर, भोपाल आदि के लिये ओला और बारिश की संभावना जताई गई है। नगर के आस-पास ग्रामीण अंचल इसे लेकर कृषक परेशान हैं।



# जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे विविध कार्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 30 मार्च से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत विविध आयामों पर कार्य किया जा रहा है, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के आवाहन पर,जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में जिले के विभिन्न प्रस्फुटन ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं स्वैच्छिक संगठनों,प्रस्फुटन समितियों,समुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के विविध आयामों पर कार्य किया जा रहा है(

जन अभियान परिषद द्वारा विगत 22 मार्च से जल गंगा संवर्द्धन अभियान के लोक व्यापीकरण एवं जन समुदाय की सहभागिता हेतु कार्य किया जा रहा है(

जन अभियान परिषद जबलपुर के जिला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित जल गंगा संवर्द्धन अभियान में नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों,प्रस्फुटन समितियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में जन समुदाय को जोड़कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# जबलपुर के 287 रनों के जवाब में शहडोल ने बनाये 252 रन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में एमपीसीए के नीमखेड़ा मैदान पर खेली जा रही महाराजा यशवंत राव मेमोरियल सीनियर इंटर डिवीजनल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले जा रहे शहडोल और जबलपुर के मैच में खेल समाप्ति तक शहडोल की टीम जबलपुर के 287 रनों के जवाब में 87.5 ओवर में 252 रन बना कर आउट हो गई। शहडोल के बल्लेबाज लखन पटेल ने 108 एवं अक्षत द्विवेदी ने 45 रन बनाए।

इस प्रकार जबलपुर ने पहली पारी में 35 रनों की मामूली लेकिन निर्णायक हो सकने वाली बढ़त प्राप्त कर ली है। जबलपुर के गेंदबाज शानदार प्रदर्शन करते हुए पारुष मंडल ने 28 रनों पर पांच तथा वंदित जोशी ने 73 रनों पर तीन विकेट लिए।

देखना होगा जबलपुर की टीम अपनी पुरानी आत्मघाती गलतियों से कुछ सबक लेकर सुधार करती है या नहीं, क्योंकि इस प्रतियोगिता में उसने भोपाल पर बढ़त लेने के बाद भी दूसरी पारी में अपनी लचर बल्लेबाजी के कारण मैचा गवा दिया था। मैच के दौरान प्रदेश के सिलेक्टर सचिन धौलपुरे,, आब्जर्वर अनिल जोशी, संभाग में क्रिकेट संचालन समिति के अचल सिंह गौर, विक्रम जनसारी, नितिन पांडे, विष्णु पटेल उपस्थित थे।

# बरगी पावर हाउस ने 24-25 हेतु विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य हासिल किया

## पिछले वर्ष की तुलना में यह 58 रूअधिक है

**जबलपुर, देशबन्धु।** लगभग 37 वर्ष पुरानी इकाइयों,स्टाफ की कमी, विद्युत की मांग में कमी, डाउनस्ट्रीम में चल रहे निर्माण कार्य, मेलों की वजह से जल प्रवाह में अवरोधों के बावजूद यह प्रदर्शन प्रशंसनीय है।

इस के साथ साथ विद्युतगृह के नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण के कार्य प्रगति पर हैं।

इस तारतम्य में इस वर्ष लगभग पांच सौ फलदार एवं शोभायमान पौधे रोपे गए हैं जो नियमित देखरेख की वजह से स्वस्थ एवं हरे भरे हैं।

इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री, अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी द्वारा बरगी पॉवर हाउस के सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की है।

**प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर 92.5 प्रतिशत**

**फोर्स्ड आउटेज 1.56 प्रतिशत**

**प्लांड आउटेज 7.73 प्रतिशत**

# बिजली के लगभग 4 प्रतिशत रेट बढ़ाने का मामला: जबलपुर के 32 लाख घरेलू उपभोक्ताओं से लगभग 2 करोड़ प्रतिमाह वसूले जायेंगे

**जबलपुर,देशबन्धु।** बिजली के रेट लगभग 4 प्रतिशत बढ़ाने से जबलपुर के घरेलू उपभोक्ताओं से लगभग 2 करोड प्रतिमाह औसत से वसूली होने वाली है।

डॉ.पीसी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर सिटी सर्किल में वर्तमान में 32 लाख 26 हजार 441घरेलू उपभोक्ता है इस एल.बी-1 की श्रेणी में लाईट फेन घरेलू उपयोग की सामग्री, धर्मशाला ,गौशाला, वृद्धाश्रम,रेंटल कॉम्पलेक्स पूजा तथा धार्मिक स्थान आदि शामिल हैं। इन सभी में साधारण प्रतिमाह 200 से 300 यूनिट बिजली औसत से खपत होती है।

### 1 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे विरोध प्रदर्शन

बिजली के रेट बढ़ाने के विरोध में 1 अप्रेल को दोपहर 3.30 घंटाघर के पास विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में रजत भार्गव, टीके रायघटक डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे,सुभाष चन्द्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर ,एड.प्रभात यादव, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, के.सी.सोनी, माया कुशवाहा अर्जुन कुमार दिलीप दुबे, डीआर लखेरा ,लखन प्रजापत ,एड.ब्रजेश साहू आदि शामिल थे।

# समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद सुमन की सदस्यता रद्द करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन जबलपुर के संख्यापक ठा.दीपक सिंह राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का महान बलिदान देने वाले अमरवीर महाराणा सांगा का नाम देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है,सम्राट पृथ्वीराज चौहान गुरु गोविंद सिंह महाराज जी राष्ट्र वीर महाराणा प्रताप, वीर क्षत्रपति शिवाजी, महाराज सांगा जी वीर महाराणा सांगा ऐसे महान व्यक्तित्व है जिनसे आज पूरा विश्व एवं समस्त भारत देश प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। लेकिन पिछले दिनों देश की संसद में माननीय उप सभापति की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन द्वारा राष्ट्रनायक महाराणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी की गई। जिसके कारण पूरे देश में रोष व्याप्त है। अपमानजनक टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन की सदस्यता रद्द करने की मांग की दीपक सिंह राजपूत अध्यक्ष श्रीमती कमला चौहान श्रीमती सरला राजपूत, श्रीमती अनुराधा सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, एड.धीरज सिंह ठाकुर एड.अनुराग सिंह ठाकुर रामसिंह दिखित एड.अभिषेक सिंह चंदेल, पूनम सिंह श्रीमती आरती सिंह, चिंटू राजपूत, अशोक सिंह जादौन,एड.नितिन करन, एड. अखिलेश सिंह,अभिषेक ठाकुर, सतीश सिंह राजेश सिंह जीएस राजपूत, सहित अनेक समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पमरेसे गुजरेगी अनारक्षित हॉलीडे स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा ग्रीष्मकालीन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी.

01- एलटीटी-दानापुर-एलटीटी साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01155 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष11 अप्रेल से 27 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.00 बजे दानापुर पहुंचेगी. (12 सेवाएं)

01156 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 12 अप्रेल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 20.00 बजे दानापुर से रवाना होगी और तीसरे दिन 04.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी.(12 सेवाएं)

02- एलटीटी-मऊ-एलटीटी साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01079 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 07 अप्रेल से 23 जून तक प्रत्येक सोमवार को 22.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 11.00 बजे मऊ पहुंचेगी. (12 सेवाएं)

01080 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 09 अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 13.00 बजे मऊ से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी. (12 सेवाएं)

03- पुणे-दानापुर-पुणे साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01105 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 08 अप्रेल से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को 19.55 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 06.00 बजे दानापुर पहुंचेगी. (12 सेवाएं)

01106 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 08.30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी. (12 सेवाएं)।

# पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 26 सेवा

**जबलपुर, देशबन्धु।** 01415 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 05 अप्रेल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 06:40 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.15 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी (13 सेवाएं)।

01416 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 07 मई से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को 04: 20 बजे गाजीपुर सिटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.50 बजे पुणे पहुंचेगी (13 सेवाएं)

## आरक्षित विशेष ट्रेन सेवा

एलटीटी-दानापुर-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक विशेष (50 सेवा)

01009 द्वि-साप्ताहिक विशेष 07 अप्रेल से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार और शनिवार को 12.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुँचेगी. (25 सेवाएं)

01010 द्वि-साप्ताहिक विशेष 08 अप्रेल से 01 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार और रविवार को 19.00 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी. (25 सेवाएं)।

### एलटीटी-मऊ-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक विशेष (48 सेवा)

01123 द्वि-साप्ताहिक विशेष 06 अप्रेल से 29 जून तक (02 जून को छोड़कर) प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को 12.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.20 बजे मऊ पहुंचेगी. (24 सेवाएं)

01124 द्वि-साप्ताहिक विशेष 08 अप्रेल से 01 जुलाई तक (10 जून को छोड़कर) प्रत्येक रविवार और मंगलवार को 05.50 बजे मऊ से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (24 सेवाएं)।

# महापौर ने किया विश्व नवकार दिवस की तैयारियों का निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले विश्व नवकार दिवस , योग ध्यान एवं जाप की तैयारियों का निरीक्षण किया। वे सोमवार को पंडित रविशंकर शुक्ला क्रीड़ांगन (राइट टाउन स्टेडियम) पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने आयोजन समिति से चर्चा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और इसमें जबलपुर के सभी धर्म और वर्गों के नागरिक समान रूप से भाग लेंगे। इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा।

### 33 देशों और भारत के प्रमुख शहरों में आयोजन

जीतो जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने महापौर को बताया कि विश्व के 33 देशों और भारत के सभी प्रमुख शहरों में यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सचिव वर्धमान आशीष कोठारी ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, पूर्व जोनल अध्यक्ष सुबोध जैन एवं शैलेश जैन ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रात: 7: 30 बजे से योग, ध्यान एवं नवकार जाप का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर जीतो के सदस्य राजेश जैन, प्रवीण सिंघई, भानु जैन, हर्ष चौधरी, समीर गढ़वाल, अंकित भाईजी, संजीव चौधरी और पंकज शाह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# कुल 2 अरब 53 करोड़ से अधिक जमा हुये निगम के खजाने में




**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा शहर की चारों दिषाओं में बेहतर विकास के कार्य कराये गये तथा शहर के नागरिकों को भी बेहतर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई गई ।जिसका परिणाम सामने दिख रहा है ।

इस वर्ष शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर नगर निगम द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं के एवज् में सुविधा शुल्क व बकाया टैक्स जमा किया। इस वित्तीय वर्ष के आज आखरी दिन रात्रि 9 बजे तक 10 करोड़ से अधिक और पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ कुल आय 2 अरब 53 करोड़ रूपये से अधिक का आकडा पहुंचाने में सबसे ज्यादा भूमिका शहर के करदाताओं की रही है। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी, निगमायुक्त प्रीति यादव, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे के साथ-साथ राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी, समस्त संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं टीम के सभी सदस्यों की मेहनत और प्रयास रंग लाए।




वसूली अभियान के संबंध में महापौर श्री अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 करोड़ रूपये से अधिक सम्पत्तिकर में, 12 लाख रूपये से अधिक डोर टू डोर, 50 लाख से अधिक जलशुल्क, वहीं अन्य मदों से 36 लाख रूपये से अधिक की आमदनी प्राप्त हुई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि अब 1 अप्रैल से करों की बकाया राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

**सम्पत्ति कुर्क एवं अधिग्रहण-** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। राजस्व अभियान को गति प्रदान करने भवन कुर्क करने के साथ-साथ बकायदार करदाताओं की भूमि भी अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कडी में अंतिम दिन संभाग क्रमांक 10 रॉँझी के अंतर्गत संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत क्षीर सागर माने गांव में आनंदी पटैल पिता बाबू लाल पटैल पर बकाया एवं सनहाल राशि रूपये 5 लाख 16 हजार 7 सौ 73 रूपये होने पर सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार माया बाई पिता स्व. तीरथ प्रसाद काछी पर बकाया भूमिकर 1 लाख 13 हजार 1 सौ 11 रूपये भुगतान न करने पर सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्रवाई की। संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि सम्पत्ति स्वामी को अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिये गए, परन्तु सम्पत्ति स्वामी के द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि नहीं दिखाई गई। बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में सम्पत्ति कुर्क एवं भूमि को अधिग्रहण करने की कार्यवाही की गयी।

# सुन्दरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज एवं संस्कारधानी के विभिन्न समाजिक/धार्मिक संस्थाओं से जुड़कर अपने छात्र जीवन से समाजसेवा के प्रति समपर्ण भाव मिलनसार स्वाभाव के स्व.सतीश नामदेव के जन्म दिन पर 1 अप्रैल मंगलवार को उनके निवास स्थान महाराष्ट्र स्कूल के आगे, राईट टाउन में सुन्दरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन शाम 7 बजे आयोजित किया गया है। मीरा बाई नामदेव मनोज नामदेव, राजकुमार गुप्ता योगेश नामदेव एडवोकेट शैलेष सतीश नामदेव ने की है कि आयोजन में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# आईजी अनिल कुशवाहा व सीएसपी राठौर सेवानिवृत्त

## डीआईजी सचिन अतुलकर को मिला आईजी का पदभार, दो अन्य कर्मियों को भी दी गई विदाई



**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अनिल सिंह कुशवाहा सोमवार को 35 वर्षों की पुलिस सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए है। बताया जा रहा है कि आईजी श्री कुशवाहा के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके स्थान पर छिंदवाड़ा डीआईजी सचिन अतुलकर को आईजी का प्रभार दिया गया है।

वहीं गोहलपुर सीएसपी राजेश सिंह राठौर, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक किशन शुक्ला थाना मझौली व कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा थाना यातायात को भी 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर विदाई दी गई। आईपीएस अनिल कुशवाहा करीब एक साल तक जबलपुर में आईजी के रूप में पदस्थ रहे। बताया जाता है कि अनिल कुशवाहा जबलपुर में सीएसपी के पद पर पदस्थ रहे। इसके बाद वे बुरहानपुर, भिंड सहित अन्य जिलों में में एसपी व रीवा, उज्जैन में डीआईजी के पद पर पदस्थ रहे। इसके बाद वे जबलपुर जोन के आईजी के रूप में मार्च पदस्थ रहे। करीब एक साल तक जबलपुर में आईजी रहने के बाद सोमवार को 31 मार्च को रिटायर हो गए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने आईजी अनिल कुशवाहा से मुलाकात कर उज्जवल भविष्य की कामना की।



### सीएसपी व अन्य कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

वहीं सोमवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी सम्मत उपाध्याय ने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सेवानिवृत्त हुए गोहलपुर सीएसपी राजेश सिंह राठौर, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक किशन शुक्ला थाना मंझौली, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा थाना यातायात को स्मृति चिन्ह व सेवानिवृत्ति देयकों संबंधी दस्तावेज सौंपते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एएसपी समर वर्मा, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सोनाली दुबे व समस्त सीएसपी और आरआई जयप्रकाश आर्य उपस्थित रहे।

# टहलने गये अधेड व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर,मौत

## त्रिपुरी चौक की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढा थानान्तर्गत त्रिपुरी चौक के समीप घर के बाहर टहल रहें बुर्जुग व्यक्ति को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बुर्जुग व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई थी। बुर्जुग को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने जाया गया। डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच के बाद बुर्जुग को मृत घोषित कर दिया।

गढा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुरी चौक समीप रहने वाले कमल चक्रवर्ती उम्र 55 साल घर के बाहर मिटटी के बर्तन व गमलों की दुकान लगाता था। रोजाना की तरफ बुर्जुग सुबह लगभग 6 बजे घर के बाहर टहल रहा था। तभी सफेद रंग की कार के चालक ने तेज रफतार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुर्जुग का टक्कर मार दी। तेज रफतार कार की टक्कर लगने के कारण बुर्जुग के गंभीर चोटे आई थी। कार की टक्कर आई चोट के कारण बुर्जुग रक्तरंजित अवस्था में घटनास्थल पर गिर गया था। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजन तथा क्षेत्रीय लोग गंभीर बुर्जुग को उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुँचे। अस्पताल पहुँचने से पहले ही बुर्जुग की मृत्यु हो गयी थी। डॉक्टर द्वारा मृत्यु की पुष्ठि के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद षव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। कार व आरोपी वाहन चालक की पहचान के लिए पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीव्ही कैमरा फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अभी तक कार तथा चालक के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# धर्मांतरण के आरोप पर रांझी थाने में तनाव

## जांच के बाद ईसाई परिवारों को किया गया रवाना

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंडला से दो बसों में आये लोगों को वापस जाते समय रांझी थानान्तर्गत हिन्दुवादी संगठनों के द्वारा रोककर थाने ले जाया गया। हिन्दुवादी संगठनों का आरोप था धर्मांतरण के लिए आदिवासियों में जबलपुर स्थित चर्च लाया गया था। पुलिस ने बस में सवार व्यक्ति का नाम पता नोट कर उन्हें रवाना कर दिया गया। इस दौरान रांझी थाने घंटो हंगामें की स्थिति बनी रही। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी के बताया कि मंडला जिले के महाराजपुर थानान्तर्गत मोहगांव निवासी लोग बस से धार्मिक यात्रा करने भंवरताल गार्डन स्थित चर्च लगाया गया था। सभी लोग बस में सवार होकर वापस लौट रहे थे। विष्व हिन्दु परिषद सहित अन्य धार्मिक संगठनों ने बस को रोका थाने लाये। उनका आरोप था कि मंडला से आदिवासियों का धर्मातंरण करवाने के लिए उन्हें जबलपुर लाया गया था।

पुलिस को पूछताछ के दौरान बस में सवार लोगों ने बताया कि उनके पूर्वाजों ने पहले ही ईसाई धर्म अपना लिया है। वह भी ईसाई धर्म को मानते है। जिसके बाद बसों में सभी व्यक्यिों के नाम व पता नोट करने करते हुए उससे पहचान पत्र लिये गये। सभी दस्तावेजों को जांच के लिए मंडला जिले के संबंधित भेजे जा रहे है। संबंधित थाना जांच कर आगे की कार्यवाही करेंगा। विश्व हिन्दु परिषद की जिला संयोजन आरती षुक्ला ने बताया कि संगठन को षिकायत मिली थी कि मंडला से आदिवासियों को धर्मांतरण करवाने जबलपुर लाया गया था। लालच देकर आदिवासियों को धर्मांतरण करवाया जा रहा है। इस संबंध में थाने पहुँचकर पुलिस से षिकायत की गयी है। सभी आदिवासियों के दस्तावेजों की जांच सुक्ष्मता से की जाये।

# शोरूम काउंटर से कैश ले भागे बंटी-बबली

## गोरखपुर कटंगा स्थित जॉकी शोरूम में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्रातंर्गत कटंगा स्थित जॉकी के शोरूम में पहुंचे बंटी-बबली जालसाजों ने कैश काउंटर से अस्सी हजार उड़ा दिये और काउंटर लॉक कर चले गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि सैनिक सोसायटी निवासी 49 वर्षीय विकास माकन गोरखपुर कटंगा में जॉकी शोरूम का संचालन करते है। उनके स्टोर में पांच सदस्य कार्य करते है। शोरूम सुबह साढ़े दस बजे खुलता है और रात्रि दस बजे बंद होता है। सुबह स्टोर के मैनेजर गिरिधर रैदास ने उन्हें फोन कर बताया कि सुबह समीक्षा मौर्य ने सुबह लगभग 10-30 बजे स्टोर खोला था। लगभग 10-52 बजे एक लड़का जिसकी उम्र लगभग 25-30 वर्ष तथा एक लड़की उम्र लगभग 20-25 वर्ष की स्टोर पर आये और सामान खरीदने के बहाने लड़का कैश काउण्टर से 500-500 रूपये की दो गड्डी नोट लगभग 70-80 हजार रूपये चोरी कर केश काउण्टर में ताला बंद कर कैश काउण्टर की चाबी अपने साथ लेकर चले गये। सूचना पर स्टोर पहुंचकर विकास ने फुटेज चौक किये जिसमें एक लड़का काउंटर से कैश चोरी करते हुए नजर आ रहा है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# डिवाईडर से टकराकर ऑटो पलटा, तीन घायल

## ओमती घोड़ा अस्पताल के समीप हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** गलगला से राशन लेकर ऑटो में जा रहे तीन मजदूर हादसे का शिकार हो गये, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दरअसल ऑटों चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को ओमती क्षेत्रातंर्गत घोड़ा अस्पताल के समीप डिवाईड से टकरा दिया, जिससे ऑटो पलट गया और उसमें सवार तीनों मजदूर घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि अधारताल आनंद नगर निवासी 25 वर्षीय आफाक खान कबाड़ का व्यापार करता है। बीते दिवस उसके यहां काम करने वाली सीताबाई, रामलाल पटेल व सुखियाबाई काम का पैसा मांगने पहुंचे। जिनसे आफाक ने ईद के बाद पैसे देने की बात कहीं, जिस पर तीनों अनाज न होने का हवाला देने लगे। जिसके बाद आफाक उन्हें लेकर गलगला गया और राशन दिलाया। इसके बाद उन्हें ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर-6771 में बैठाकर रवाना किया। ऑटो चालक ने ओमती घोड़ा अस्पताल के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को डिवाईडर से टकरा दिया, जिससे ऑटो पलट गया। जिससे उसमें सवार सीता बाई यादव, सुखिया बाई एवं रामलाल पटैल को हाथ पैर में चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सतना से वारदात कर भागे ठग गिरोह के तीन सदस्यों को जबलपुर पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सतना की एक ज्वेलरी शॉप में ठगी कर स्कॉर्पियो से जबलपुर भागे आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। उक्त तीनों आरोपी उप्र के निवासी है, जो कि ठगी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपियों के खिलाफ शहर के लार्डगंज थाने में भी एक मामला दर्ज है। जिसके बाद तीनों आरोपियों को लार्डगंज पुलिस ने हिरासत में लिया है, वहीं सतना पुलिस भी पूछताछ के लिये शहर पहुंच चुकी है। पुलिस ने वारदातों में प्रयुक्त कॉली स्कॉर्पियो क्रमांक यूपी 13 बीएच 0002 को भी जप्त किया है, हालांकि पुलिस ने आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया है। ठगबाज गैंग नकली सोने में असली सोने की परत लगाकर सराफा कारोबारियों को लंबे समय से चूना लगा रही थी। हाल ही में ठगों ने सतना में 5 सराफा कारोबारियों को ठगने के बाद जबलपुर आई थी। जानकारी लगने के बाद जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को धर दबोचा। जानकारी अनुसार लगभग 4 दिन पहले बंटी-बबली ने सतना के आरती ज्वेलर्स के संचालक को चूना लगाने के बाद मां शारदा आर्नाद्बमेंट रीवा रोड तथा संस्कार आर्नामेंट राजेन्द्र नगर में ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि उनके द्वारा सभी दुकानों से चेन की ही ठगी की गई। इसके अलावा शहर के 2 और ज्वेलर्स शो रूम में भी इस गिरोह ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

**उप्र के है आरोपी, नकली सोना देकर असली करते थे हड़प**

लार्डगंज में भी दिया था वारदात को अंजाम-पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों द्वार लार्डगंज थाना अंतर्गत भी एक ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद लार्डगंज पुलिस को आरोपियों को सौंपा गया। इसके साथ ही सतना में वारदात को अंजाम देने की घटना पर सतना पुलिस भी शहर पहुंची। अधिकारियों की माने तो आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे होंगे। पुलिस ने आरोपियों के नाम ओपन नहीं किये है, बताया जा रहा है कि तीनों आरोपियों को सतना पुलिस अपनी गिरफ्त में लेगी।

# फोटो पर क्लिक करते ही दो लाख हो गये पार

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक के वाट्सएप पर अज्ञात नम्बर से आए फोटो को क्लिक करते हुए मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद बैंक एकाउंट से दो लाख एक हजार रुपए निकाल लिए गए। ठगों ने फोटो पर छपी लिंक के माध्यम से फोन पर एक ऐप डाउनलोड करा दिया। जिससे ओटीपी व बैंक डिटेल्स सीधे उनके पास पहुंच गए। ठगी का शिकार हुए युवक ने घटना की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस व साइबर सेल को दी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी प्रदीप जैन 28 मार्च को अपने घर में बैठे रहे। सुबह 9 बजे के लगभग मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कुछ ही देर बाद उनके वाट्सएप पर एक वृद्ध की फोटो भेजते हुए पूछा कि क्या आप इस व्यक्ति को जानते है। पहले तो प्रदीप जैन मैसेज व कॉल को अनदेखा कर दिया। कुछ देर बाद फिर कॉल आया और सवाल पूछा गया। दोपहर 1.30 बजे के लगभग कॉल आया तो प्रदीप जैन ने गुस्से में जबाव दिया कि नहीं जानता और फोन काट दिया। कुछ पल बाद प्रदीप जैन के मोबाइल पर अपने आप एक कस्टमर सपोर्ट नामक ऐप डाउनलोड हो गया और प्रदीप जैन का मोबाइल हैक हो गया। प्रदीप कुछ समझ पाते इससे पहले उनके बैंक खाते से एक लाख रुपए डेबिट हो गया। इस तरह से ठग ने दो लाख रुपए हड़प लिए। खाते से रुपए कटते ही प्रदीप परेशान हो गए कि आखिर रुपए कैसे निकल गए। उन्होने बैंक जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि दो लाख रुपए कट चुके है। उन्होने तत्काल ही अपना खाता सीज कराकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि यह ट्रांजेक्शन आईबी आईबीएफ नाम के अकाउंट के माध्यम से हुआ था। यह खाता केनरा बैंक हैदराबाद में हाल ही में खुलवाया गया था। हालांकि प्रदीप जैन ने खाता सीज करा दिया, इसके बाद भी ठग ने 96 हजार रुपए फिर से निकालने की कोशिश की लेकिन खाता सीज होने के कारण ठग सफल नहीं हो सका। प्रदीप जैन की पासबुक में विशाल ऑनलाइन व जन्नतुन बीबी ऑनलाइन नाम से संदिग्ध लेन-देन दिखाई दिए। साइबर ठगों ने सुबह 9.38 बजे से लेकर शाम 5.12 बजे तक लगातार वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर यह जांच की कि वे ऑनलाइन हैं या नहीं। पुलिस ने प्रदीप जैन की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

**पीड़ित ने कोतवाली पुलिस में दर्ज करायी शिकायत**

**ठग ने क्यूआर के जरिये खाते से उड़ाई रकम**

# नवजात शिशु होने पर सरकारी पैसा भेजने का लालच देकर ठगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** आपके घर में तीन माह पहले नवजात शिशु हुआ है, जिसके आपको सात हजार रूपए भेजने है आप क्यूआर कोड भेज दीजिए। ये बातें साइबर ठग ने कहते हुए युवक के खाते से 48 हजार 490 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सायबर सेल में दर्ज करायी है। पुलिस ने बताया कि गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी राकेश कुमार को एक फोन आया, जिसके मोबाइल धारक ने अपना नाम रावेन्द्र बताते हुए कहा कि आपकी पत्नी ललिता को तीन माह पूर्व बच्चा हुआ है। जिसके चलते उसे सरकारी की ओर से सात हजार रुपए दिए जाने है। रकम भेजनी है आप क्यूआर कोड भेज दीजिये। राकेश ने भतीजे राहुल का क्यूआर कोड भेज दिया। जिसके बाद खाते से खाते 48 हजार 490 रुपए निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने सायबर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# मानसिक रुप से कमजोर युवक की तालाब में डूबकर मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थानातंर्गत ग्राम पौड़ा में एक मानसिक रूप से कमजोर युवक की तालाब के पानी में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस को मुकेश कुमार लोधी ने बताया कि गांव में उसके चाचा का लड़का संजय उर्फ संजू पटेल रहता है, जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है, उसके माता-पिता का पूर्व में देहांत हो गया है। संजय की पत्नी सावित्री तीन दिन पहले अपने मायके गई हुई थी। संजय सुबह पांच बजे उठकर बाल्टी लेकर गांव के तालाब में नहाने जाता था। गत् दिवस भी वह नहाने के लिये गया, लेकिन लौटकर नहीं आया, जब उसकी तलाश की गई तो दोपहर दो बजे के लगभग उसका शव पौड़ा तालाब में उतराते हुए मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# हथौड़े से युवक पर हमला कर दुकान में तोडफ़ोड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत चेरीताल में बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर हथौड़े से हमला कर दिया और दुकान में जमकर तोड़फ़ोड़ कर दी। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार आशीष प्रधान 37 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी चेरीताल में आशू मोबाइल के नाम से शॉप है। उसने पंजाब बैंक कालोनी निवासी मयूर कुन्डेल को एमआई कम्पनी का मोबाइल अपनी दुकान से फायनेंस कराया था। जिसकी कीमत लगभग 11 हजार रूपये थी। जिसकी 8 किस्त बनी थीं, जिसमें से चार किस्त मयूर कुन्डेल ने होम केट्रट फायनेंस कम्पनी को आन लाईन दी थी। बीती रात लगभग 9.30 बजे मयूर कुन्डेल अपने दोस्त आकाश के साथ उसकी दुकान पर आया और उससे मोबाइल का बिल मांगा तो उसने किस्त चुका देने के बाद बिल देने को कहा तो मयूर ने अपने हाथ में लिये हथौड़े से उस पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने दुकान में भी तोड़फ़ोड़ कर दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# धांधली में हुए सजा से दंडित,निरस्त नहीं की गयी नियुक्तियां

## हाईकोर्ट ने पूछा कि वर्तमान में शिक्षा कर्मी का पद अस्तित्व में है या नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** ढाई दशक पूर्व रीवा जिले के जवा तहसील में संविदा शिक्षक भर्ती-3 में हुई धांधली में न्यायालय ने आरोपियों को सजा से दंडित किया है। धांधली साबित होने के बावजूद भी भर्ती निरस्त करते हुए योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति दिये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने पूछा है कि याचिकाकर्ता ने संविदा वर्ग 3 के लिए आवेदन किया था। वर्तमान में उक्त पद अस्तित्व में है या विलोपित कर दिया गया है,इस संबंध में सरकार से दिशा-निर्देष प्राप्त कर न्यायालय को अवगत करवाये।

रीवा जिले की जवा तहसील के ग्राम चौर पोस्ट पटियारी निवासी धनेश कुमार द्विवेदी की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 1998 में जनपद पंचायत जवा द्वारा शिक्षा कर्मी की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी हुआ था। जिस पर याचिकाकर्ता ने भी आवेदन किया था। आवेदक की ओर से कहा गया कि जनपद पंचायत सीईओं ने नियुक्ति के लिये तीस हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत लोकायुक्त रीवा में की गई थी। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए लोकायुक्त ने भर्ती संबंधी समस्त दस्तावेज जप्त किये थे और विशेष अदालत के समक्ष चालान पेश किया था, जिसमें याचिकाकर्ता को गवाह बनाया गया था।

विशेष न्यायालय ने सुनवाई दौरान पाया था कि उक्त भर्ती पर जमकर धांधली हुई है, जिसमें अपनों को तवज्जों देकर नवाजा गया और पात्र लोग वंचित रह गये। जिस पर न्यायालय ने संबंधित व्यक्तियों को धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी करार दिया, लेकिन नियुक्तियां निरस्त नहीं की गई। जिस पर याचिकाकर्ता ने 14 अगस्त 2024 को कलेक्टर रीवा को अभ्यावेदन देकर अपात्रों की नियुक्तियां निरस्त कर पात्र लोगों को दिये जाने की मांग की, लेकिन कलेक्टर ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।




## सागर संभागायुक्त का आदेश निरस्त

### हाईकोर्ट ने नैसर्गिक न्याय सिद्धांत विपरीत पाया आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने सागर संभागायुक्त के आदेश को विधि विरुद्ध पाते हुए निरस्त कर दिया है। एकलपीठ ने संभागायुक्त के आदेश को नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के विपरीत पाते हुए उक्त निर्देश दिये है।

दरअसल याचिकाकर्ता सागर निवासी अजय जैन सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी व ऐश्वर्या तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आवेदकों ने संभागायुक्त सागर के यहां अपील दायर की थी। जिसमें तहसीलदार देवरी व एसडीएम देवरी जिला सागर के आदेश को चुनौती दी गई थी। संभागायुक्त ने गुण-दोष के आधार पर अपील स्वीकार करते हुए तीन जनवरी 2024 को आदेश पारित किया। जिसके आधार पर प्रार्थी गणों के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हो गए। इसके बाद एक पुनर्विलोकन याचिका दायर हुई। जिस पर सुनवाई करते हुए पूर्व आदेश निरस्त कर दिया गया। चूंकि इस प्रक्रिया में नोटिस जारी करने और जवाब पर गौर किए बिना आदेश पारित किया गया, अतरू चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि आदेश में परिसीमा अधिनियम की धारा-पांच का पालन नहीं किया गया। एमपीएलआरसी की धारा-50 व 51 का भी उल्लंघन किया गया। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने संभागायुक्त के आदेश को निरस्त कर दिया।

## सिंधी सेवक सभा जबलपुर को हाईकोर्ट से राहत

### कंपाउंडिंग के आवेदन पर निर्णय तक कठोर कार्रवाई पर रोक

'**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से सिंधी सेवक सभा जबलपुर को आंशिक राहत मिली है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने नगर निगम जबलपुर को निर्देशित किया है कि कंपाउंडिंग यानी समझौते का आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के भीतर विधि अनुरूप आदेश पारित करें। याचिकाकर्ता को नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करने स्वतंत्र किया गया है। जब तक अभ्यावेदन पर निर्णय नहीं ले लिया जाता, तब तक याचिकाकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई न की जाए।

याचिकाकर्ता सिंधी सेवक संघ की ओर से अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नगर निगम जबलपुर ने याचिकाकर्ता का निर्माण अधिकतम निरूपित करने हटाने का नोटिस जारी किया है। जिसे याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि अनाधिकृत निर्माण नगर निगम अधिनियम-1956 के अनुसार समझौता योग्य है। याचिकाकर्ता ने प्राधिकरण के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया और निर्णय नहीं लिया गया। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से उपस्थित वकील ने भी कहा कि प्रकरण समझौता योग्य प्रकृति का है और याचिकाकर्ता के आवेदन पर कानून के अनुसार विचार किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने तर्क सुनने के बाद याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि कंपाउंडिंग पर विचार किया जाये।

# हाइवा ने बाइक सवार युवकों को कुचला, चार की मौके पर मौत



**रीवा देशबन्धु।** ईद की नमाज अदा करने के बाद मोहनिया टनल घूमने गये दो बाइक में सवार चार लोगों को हाइवा ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे चारों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना आज दोपहर गुढ़ थाना अंतर्गत चौड़ीयार मोड के पास की है। हादसे के शिकार चारों युवक अलग अलग परिवार से थे। घटना के बाद हाइवा ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया, वहीं सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई, पुलिस ने मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के रीवा के संजयगांधी अस्पताल भिजवाया और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

मिली जानकारी अनुसार आठ दोस्त चार बाइक मे सवार होकर ईद के मौके पर नेशनल हाइवे 39 मे स्थित रीवा सीधी मार्ग मे मोहनिया टनल घूमने गए थे इस दौरान वापस लौटते वक्त दो बाइक मे सवार चार दोस्त आगे निकल गए जबकि चार दोस्त पीछे रह गए, इसी दौरान आगे चल रहे दो बाइक

### ● ईद मे मोहनिया टनल घूमने गए दोस्त सडक हादसे का हुए शिकार

मे सवार चार युवक हादसे का शिकार हो गए, सामने की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, भीषण हादसे मे बाइक मे सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई,बताया गया की घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया हादसे की सूचना गुढ़ पुलिस को दी गई घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई, पुलिस की टीम ने शवों को परीक्षण के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया मौके से ट्रक को जप्त करते हुए थाने में खड़ा कराया है वही घटना की जांच शुरू करते हुऐ फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।





### चार अलग अलग परिवारो के बुझे चिराग

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे मे मो. आफरीद किटवरिया थाना गुढ़, मो.शादाब निवासी किटवरिया, मो. जुम्मन निवासी पोखरी टोला थाना



सामान, पोखरी टोला रीवा निवासी सत्यम साकेत की दर्दनाक मौत हुई है सभी आपस मे दोस्त थे, ईद के मौके पर घूमने के लिए मोहनिया टनल गए थे वापस आते वक्त वह हादसे का शिकार हो गए. आरोप लगाया है की ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था ट्रक सामने की ओर से आ रहा था तभी ट्रक चालक ने ओवर टेक किया जिसके चलते बाइक ट्रक से टकरा गई।




## पीएम श्री सालीवाडा विद्यालय के बच्चों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**बरेला, देशबन्धु।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा, गौर जबलपुर मे नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत दो व्यावसायिक ट्रेड संचालित है।

व्यावसायिक कुशलता के लिए कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करने पीएमश्री विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। पीएमश्री सालीवाडा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में व्यवसायिक ट्रेड एग्रीकल्चर की व्यवसायिक प्रशिक्षक कुमारी सपना पटले उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (ऊस्न्ऋ)में प्रोफेसर डॉ नैनीता के कुशल नेतृत्व में तथा ब्यूटी एंड वेलनेस की व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती पूनम गौतम, डॉली ब्यूटी पार्लर की प्रबंधक श्रीमती डॉली सूर्यवंशी के विशेष मार्गदर्शन में 15 दिवसीय इंटर्नशिप करा रही है शाला की अन्य शिक्षिकाओं ललिता गुप्ता, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती किरण पांडे के विशेष सहयोग से दिनांक 25 मार्च से प्रतिदिन 4 घंटे तक ट्रेड अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग, आवागमन आदि की व्यवस्था शासन द्वारा प्रदत्त फंड से की गई है।

### सार-समाचार



## बड़ी मढ़िया में नवदुर्गा की नौ पाषाण प्रतिमाएं

### 200 साल पुराना मंदिर है चमत्कारों से भरा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जबलपुर से सिहोरा हाइवे सड़क मार्ग के गांधीग्राम तिराहे से पुरानी एन एच 7 सड़क मार्ग से गांधीग्राम के हर्दयस्थल में स्थापित लगभग 200 वर्षों पुराना बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर है।जिसे गांधीग्राम के ही नायक परिवार ने बनाया था।गांधीग्राम के बुढ़ानसागर तालाब के तल से लगभग 150 फीट ऊँचाई पर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर लोगों की आस्था व विश्वास का केंद्र है। इस मंदिर में नवदुर्गा की नव विविध स्वरूपों की। पाषाण प्रतिमाएं स्थापित उन प्रतिभाओं को नवरात्रि के समय स्वर्ण चंद्र आभूषणों से सुसज्जित किया गया है।

**इतिहास**–इस मंदिर की मान्यता है कि मां के मंदिर में जो भी भक्त जिवारे कलश में जिवारे बुवाई कर कलश को 9 दिवसों तक अभिसिंचित करते हैं,व नवरात्रि के अंतिम दिन जिवारों को शिरोधार्य कर बुढ़ानसागर तालाब में विसर्जन कर कुछ जिवारो को मां के चरणों में चढ़ाता है।देवी माँ उसकी समस्त मनोकामनाएं पूरी कर देती है। इस बार मन्दिर में बड़ी संख्या में जिवारे कलश बोए गए है।जिन्हें सींचने के लिए समिति कार्य कर रही है। इस मंदिर में नवरात्रि में 9 दिनों तक मां की चरणों में जल चढ़ाने वाले भक्तों की झोली मातारानी भर देती है।

**महत्व**–चमत्कारों के रूप में विख्यात हैं माँ– बड़ी मढ़िया माता रानी के दरबार में कहा जाता है कि यहां से मां का कृपा प्रसाद भक्तों को उनकी मनोकामना पूर्ण होने के रूप में प्राप्त होता है।माँ के अनेक भक्तों के असाध्य रोगों से मुक्ति,महिलाओं को पुत्रवती होने की कामना पूर्ण हुई है, ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि लगभग तीन बार आकाशीय बिजली गिरने के बाद भी मन्दिर को कोई नुकसान नहीं हुआ है। मन्दिर समिति के सोहनलाल असाटी, मोहनलाल,कमलेश असाटी,दीना असाटी,उमेश कुमार, ब्रजेश,लकी,मोंटी,आयुष आदि ने बताया कि सुबह पूजन के बाद से नवरात्रि में माता की चरण पादुकाओं को जल ढारने महिलाएं निश्चित क्रम से आती हैं,मंदिर में पुजारी मनीष त्रिपाठी,सुभाष मिश्रा,सुरेन्द्र चौबे, महेन्द्र त्रिपाठी द्वारा सुबह,रात में पूजन पाठ किया जा रहा है।

## अवध भूषण दुबे की सेवानिवृत्ति में दी विदाई



**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग के तहत संचालित कटनी जिले के ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ गोसलपुर शंकर कालोनी निवासी अवध भूषण दुबे अपनी शासकीय सेवा के 43 साल 1 माह की सेवा पूर्ण कर,31 मार्च को सेवानिवृत्त हुये इस मौके पर थाना प्रागंण मे आयोजित विदाई समारोह मे पुलिस विभाग के अफसर व मित्र परिजन रिश्तेदार मौजूद थे। वही इस मौके पर गृह ग्राम गोसलपुर मे आयोजित समारोह मे बहोरीबंद बिधायक प्रणय पांडेय सिहोरा विधायक संतोष बरखडे पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने भी पहुंच कर श्री दुबे को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

## छिंदवाड़ा में मधुमक्खियों के हमले से 10 लोग घायल, दो की हालत गंभीर, जंगल में गए थे लकड़ी लेने

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** रावनवाड़ा थाना क्षेत्र के ढोला गांव के जंगल में रविवार को अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हमले में कुल दस लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए परासिया ले जाया गया, जहां से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद इलाके के ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोग जंगल में जाने से कतरा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मधुमक्खियां आमतौर पर तभी हमला करती हैं जब उन्हें खतरा महसूस होता है। जंगल में किसी पेड़ को काटने या मधुमक्खियों के छत्ते के आसपास हलचल करने पर वे आक्रामक हो सकती हैं।

जानकारी के अनुसार, ढोला गांव में स्थित एक मंदिर में रविवार को हवन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के लिए कुछ ग्रामीण लकड़ियां एकत्रित करने



के लिए जंगल गए थे। जैसे ही वे जंगल में पहुंचे और लकड़ी काटने लगे। तभी अचानक पास के पेड़ों पर मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

मधुमक्खियों के हमले के बाद जंगल में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण दर्द से कराहने लगे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। वहां मौजूद कुछ अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर खुद को बचाया और घायल लोगों को गांव तक पहुंचाया। इसके बाद सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने घायलों को परासिया के अस्पताल पहुंचाया, जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मधुमक्खियों के हमले में घायल होने वालों में मनोज कहार, माखन, रिंगलाल, सुरेश, सुनील, मनोज मरकाम, पवन राय, निखिल, पप्पू साहू समेत कुल 10 लोग शामिल हैं। इनमें से माखन और रिंगलाल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मधुमक्खियों के हमले में एक ग्रामीण की मौत, 13 घायल

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के शहपुरा अंतर्गत बिलगांव के पास खेत मैं कटाई के लिए गए ग्रामीणों को एक पेड़ के नीचे खाना बनाने के दरमियान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस कारण एक ग्रामीण फगुआ धुर्वे उम्र 50 वर्ष निवासी देवरी मॉल की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए।

## नगर में मनाई गई ईदुल फितर



**बरेला, देशबन्धु।** नगर मे ईदुल फितर अहले सुन्नत जामा मस्जिद मे मौलाना अरमान रजा ने ईदुल फितर की नमाज पढ़ाकर देश मे अमन –चेन की दुआ मांगी।सभी लोगो ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारक़ बाद दी।

इस अवसर पर शेख सलीम , शेख मुन्ना सद्दाम, शाहिद तोले, शेख अब्बास, बाबू सलाम, शेख नवाब, सलीम, शेख निज़ाम, सदर अहमद खान, जहीर खान, पप्पू, शाहिद, मोहसिन खान, शाहरुख़ खान, राजू खान, सद्दाम, जाहिद, सोनू खान, सत्तार खान, सिकंदर, फारूक खान, मुस्ताक खान, गफ्फार खान, टिन्नी शाह, साबू शाह, मजीद खान, पक्कू शाह, साकिर टप्पू खान, शेख सानू, शेख हसन, आदि ने ईद की बधाई दी।

## आज से स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शुरू

**बालाघाट, देशबन्धु।** शासन द्वारा स्कूल शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2025 के आयोजन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए है। जिसके तहत प्रदेश के समस्त विद्यालयों में आज कक्षा 1 से 8 तक बाल सभा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा जिला स्तर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, शाला के पूर्व विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ उपस्थित छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा निशुल्क पुस्तकें वितरण के साथ ही शालाओं में विशेष भोज भी आयोजित किया जाएगा। वही 02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शालाओं में बच्चों के साथ किसी एक कालखंड में संवाद किया जाएगा। इसके साथ ही 3 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक खेल कूद गतिविधियां व अंतिम दिन शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबंधन व विकास समिति की बैठक आयोजित की जाएगी और 4 अप्रैल को हार के आगे जीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।




## हनुमान मंदिर की गदा से की पिता की हत्या, चचेरा भाई भी लहूलुहान

### मानसिक रूप से अस्वस्थ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो के भरवा गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। यहां एक बेटे ने हनुमान मंदिर से गदा उठाकर अपने ही पिता हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और शुरुआती जांच में उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5ः30 बजे आरोपी रामपाल ने हनुमान मंदिर से गदा उठाकर अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यही नहीं आरोपी ने अपने चचेरे भाई पर भी हमला किया, जिसे गंभीर चोटें आईं और जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

इस दर्दनाक घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी के हाथ बंधे हुए हैं। वीडियो में वह अपने पिता के खून को पीने की बात करता दिख रहा है। मौके पर डायल 100 की



टीम और कुछ ग्रामीण भी नजर आ रहे हैं।


खजुराहो एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

मृतक के परिजन सुरेंद्र पाल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। इस वारदात से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग सदमे में हैं और पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

## नवरात्र पर रेल यात्रियों को तोहफा, सात महीने बाद फिर चलेगी

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे ने चैत्र नवरात्र के शुभ मौके पर रेल यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। रेलवे ने 7 महीने के बाद एमपी से यूपी तक चलने वाली ट्रेन का संचालन 7 महीनों के बाद दोबारा शुरू करने का फैसला लिया है।

**सात महीने बाद छिंदवाड़ा के भंडारकुंड**–भिमालगोंदी के बीच 29 करोड़ की लागत से बना ब्रिज नंबर–94 फिर से शुरू हो गया। ट्रेनों का संचालन 1 अप्रैल से बहाल होगा। 40 मीटर गहरे पाइल फाउंडेशन और कम्पोजिट स्टील गर्डर से बने इस ब्रिज को बनाने में लगभग 29 करोड़ रुपए की लागत आई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने इसकी पुष्टि करते हुए ट्रेनों का नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है।



**दरारें बनी मुसीबत, यात्रियों को झेलनी पड़ी परेशानी**–25 अगस्त 2024 को इस ब्रिज में दरारें आ गई थीं, जिससे नागपुर–शहडोल और शहडोल–नागपुर एक्सप्रेस का मार्ग बदलकर छिंदवाड़ा से आमला होते हुए नागपुर तक किया गया। इससे ट्रेनों की लेटलतीफी और यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। इसके अलावा रीवा–इतवारी एक्सप्रेस का संचालन भी बंद कर दिया गया, जिससे यात्रियों के पास यात्रा के सीमित विकल्प रह गए।

**एक अप्रैल से बहाल होंगी ट्रेनें, नवरात्रि में मिलेगी राहत**

रेलवे के आदेश के मुताबिक, रीवा–इतवारी एक्सप्रेस और इतवारी–रीवा एक्सप्रेस की सेवा एक अप्रैल से बहाल कर दी जाएगी। इसके अलावा नागपुर–शहडोल एक्सप्रेस और शहडोल–नागपुर एक्सप्रेस भी पूर्व की तरह छिंदवाड़ा, सौंसर होते हुए चलेंगी। पैसेंजर ट्रेनों का संचालन भी पुनः शुरू किया जाएगा। खासतौर पर नवरात्र पर्व में मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**डीआरएम ने किया निरीक्षण, सफल स्पीड ट्रायल**

शनिवार को डीआरएम दीपक गुप्ता ने ब्रिज नंबर–94 का निरीक्षण किया और विधिवत पूजन कर स्पीड ट्रायल कराया। सफल परीक्षण के बाद रेलवे ने तय किया कि एक अप्रैल से इस मार्ग पर सभी ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाएगा। अब यात्रियों को जबलपुर, सतना, रीवा और नागपुर की यात्राओं में न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा अनुभव भी बेहतर होगा। रेलवे की यह पहल यात्रियों के लिए राहतभरी साबित होगी।



## जंगल तक पहुंची नरवाई में लगी आग

**हटा, देशबन्धु।** बटियागढ़ ब्लाक के बरी कनोरा में खेत की नरवाई में आग लगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम करीब चार बजे नरवाई की यह आग पास में लगे जंगल तक पहुंचने लगी। आग फैलते देख आसपास के लोगों और किसानों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। कड़ी मशक्कत के बाद नरवाई की आग बुझाई जा सकी।

इसके पूर्व रविवार को हटा नगरीय क्षेत्र के बूढा हटा में खेत की नरवाई में लगाई गई आग की सूचना पर नपा द्वारा फायर वाहन भी भेजा गया किंतु पता लगा कि नरवाई में आग लगाई गई है।

## अफगान नागरिकों को पकड़ो और वापस उनके देश भेज दो, पाकिस्तान सरकार का निर्देश

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को हजारों अफगान शरणार्थियों को गिरफ्तार करने और निर्वासित करने का आदेश दिया गया है। अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए देश छोड़ने की सरकार की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशेषकर इस्लामाबाद और रावलपिंडी में, सभी अफगान शरणार्थियों को तुरंत बाहर निकालने का आदेश दिया। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, रावलपिंडी के पुलिस प्रमुख ने रावल, पोतोहार और सदर डिवीजनों के अधीक्षकों को जिले में रहने या काम करने वाले अफगान नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक पुलिस अधिकारी ने डॉन को बताया, हमें निर्देश मिले हैं कि एसीसी कार्ड रखने वाले सभी अफगान नागरिकों को रावलपिंडी और इस्लामाबाद से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा निर्देशों में कहा गया कि पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) कार्ड रखने वाले और दोनों शहरों में रहने वाले अफगानियों को सरकारी नीति के अनुरूप पाकिस्तान छोड़ना होगा।

# ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 52 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद, भारत सरकार ने वहां सहायता पहुंचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। 30 मार्च को भारत की ओर से नौसैनिक जहाजों के जरिए करीब 52 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी जा रही है। इस राहत सामग्री में पीड़ितों के लिए वस्त्र, पीने का साफ पानी, खानपान की वस्तुएं, दवाइयां आदि शामिल हैं।

पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने के इस अभियान में भारतीय नौसेना, वायु सेना और इंडियन आर्मी अपना योगदान दे रही है। वायुसेना के मुताबिक, म्यांमार के लोगों के साथ भारतीय वायुसेना ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत और बचाव मिशन में निरंतर कार्यरत है। रविवार को इस विषय में जानकारी देते हुए वायुसेना ने बताया कि अविलंब वायुसेना ने अपने विमान सेवा में लगाए हैं। अब तक वायुसेना के विमानों से कुल 96.3 टन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा चुकी है। सेना चिकित्सा कोर तथा एनडीआरएफ के 198 कर्मियों को तीन वायुसेना के सी-130 जे और दो सी-17 विमानों के जरिए हवाई मार्ग से भेजा गया है। म्यांमार को सहायता पहुंचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा विदेश मंत्रालय के नेतृत्व में, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना और एनडीआरएफ के सहयोग से जारी है। वहीं, नौसेना ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज सतपुरा और सावित्री, जो पूर्वी नौसेना कमांड से हैं, वे म्यांमार के शहर यांगून के लिए रवाना हो चुके हैं। यह भारतीय नौसेना की तत्काल व मानवतावादी सहायता और आपदा राहत के प्रति प्रतिक्रिया का हिस्सा है।



- राहत सामग्री में वस्त्र, पीने का साफ पानी, खानपान की वस्तुएं, दवाइयां एवं अन्य सामग्री शामिल
- विदेश मंत्रालय के नेतृत्व में सेना, वायु सेना, नौसेना व एनडीआरएफ के सहयोग से ऑपरेशन ब्रह्मा जारी

इसके अतिरिक्त, भारतीय नौसेना के जहाज करमुक और एलसीयू 52, जो अंडमान और निकोबार कमांड से हैं, 30 मार्च 2025 को यांगून के लिए रवाना हो रहे हैं। नौसेना ने अपने समुद्री जहाजों को राहत कार्यों में उतारने का फैसला किया है ताकि इन कार्यों में तुरंत सहायता की जा सके। नौसेना ने बताया कि इन जहाजों पर लगभग 52 टन राहत सामग्री लदी हुई है, जिसमें आवश्यक वस्त्र, पीने का पानी, खाद्य सामग्री, दवाइयां और आपातकालीन सामग्रियां शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में 'पहली प्रतिक्रिया देने वाला' बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि 28 मार्च को म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप की त्वरित प्रतिक्रिया में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष चिकित्सा कार्य बल तैनात किया है।

## आपदा की घड़ी में म्यांमार के साथ खड़ा है भारत

**नई दिल्ली।** म्यांमार में भूकंप से मची तबाही के बाद भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। इसी कड़ी में शनिवार को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत का एक और सी-130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में लैंड हुआ। इस विमान के जरिए साथ 38 एनडीआरएफ कर्मी और 10 टन राहत सामग्री भेजी गई है।



- भूकंप से प्रभावित म्यांमार को भारत की तीसरी मदद

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक और सी-130 विमान एनडीआरएफ के 38 कर्मियों और 10 टन राहत सामग्री के साथ राजधानी शहर नेपीडॉ में उतरा। यह आज म्यांमार में राहत सहायता लाने वाला तीसरा भारतीय विमान है। ऑपरेशन ब्रह्मा। भारत का यह कदम म्यांमार में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करने के लिए उठाया गया है। एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही 10 टन राहत सामग्री में खाने-पीने की वस्तुएं, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं, जो प्रभावित क्षेत्रों में वितरित की जाएगी। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत आपदा की घड़ी में म्यांमार के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। इससे पहले, शनिवार को ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक ब्रीफिंग में कहा था कि मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैनिक जहाज वहां पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि विमान के जरिए भेजी जा रही मानवीय सहायता के अलावा, आगरा से 118 सदस्यों वाले एक फील्ड अस्पताल के शनिवार को बाद में रवाना होने की उम्मीद है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुट है।

## आज का इतिहास

1582- फ्रांस में इस दिन को मूर्ख दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
1793- जापान में उनसेन ज्वालामुखी फटा, जिसके कारण लगभग 53,000 लोगों की मौत हो गई।
1839- कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल 20 बिस्तरों के साथ शुरू किया गया।
1889- हिंदू का दैनिक अखबार के तौर पर प्रकाशन शुरू। 20 सितंबर 1888 से प्रकाशित इस अखबार को अब तक साप्ताहिक रूप से प्रकाशित किया जा रहा था।
1912- भारत की राजधानी को औपचारिक रूप से कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया।
1924- एडोल्फ़ हिटलर को बीयर हॉल क्रान्ति में भाग लेने के लिए पांच साल कैद की सजा सुनाई गई। लेकिन वह केवल नौ महीने तक जेल में रहा।
1930- विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष और लड़कों की 18 वर्ष निर्धारित की गई।
1935- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना।
1936- उड़ीसा राज्य की स्थापना। इसे बिहार से अलग करके बनाया गया।

## सुडोकू 6869

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 6 | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | 1 | | 7 | 9 | | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| | | 7 | | 8 | 3 | | 2 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 7 | 8 | | | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# बांग्लादेश में सड़कों पर संघर्ष, बीएनपी के दो गुट भिड़े

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण सलाहकार महफूज आलम के पिता पर उनके गांव, लक्ष्मीपुर के रामगंज उपजिला में हमला हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थक दो इकाइयों के बीच गुटीय संघर्ष के दौरान कथित तौर पर यह घटना घटी।

परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शुक्कुर अली ने सलाहकार के पिता अजीजुर रहमान बच्चू पर हमले का नेतृत्व किया। रहमान इच्छापुर यूनियन में बीएनपी यूनिट के संगठन सचिव के रूप में भी काम कर रहे हैं।

शुक्कुर अली बीएनपी की स्टूडेंट विंग छात्र दल के पूर्व नेता और स्वेच्छा सेवक दल यूनियन इकाई के अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार है। रहमान ईंटों से वार किया गया। उनके के हाथ में चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में उनका एक रिश्तेदार भी घायल हो गया। प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक आलो से बात करते हुए सलाहकार मफूज आलम के बड़े भाई महबूब आलम ने कहा कि झड़प तब हुई जब बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के दो अलग-अलग ग्रुप मेहदी हसन को रविवार शाम को क्षेत्र में लौटते समय हिरासत में लेने रवाना हुए।




हसन प्रतिबंधित अवामी लीग की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) की जिला इकाई के अध्यक्ष हैं। एक समय ऐसा आया जब बीसीएल नेता के बारे में अंतिम फैसले को लेकर दोनों समूहों के बीच कहासुनी हो गई और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। ग्रामीणों ने दोनों गुटों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश की तो स्थानीय लोगों के साथ भी उनकी झड़प हुई। इस बीच अजीजुर रहमान जब झड़प को रोकने के लिए आगे आए, तो छात्र दल और स्वेच्छा सेवक दल के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला कर दिया। रामगंज थाने के प्रभारी अधिकारी अबुल बशर ने रविवार को बताया, छात्र दल और स्वेच्छा सेवक दल के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हुआ। एक समय तो झड़प भी हो गई। अजीजुर रहमान ने दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की। लेकिन, उनसे नाराज होकर एक गुट ने उन पर हमला कर दिया।


इस घटना से नाराज छात्रों ने रविवार रात रामगंज कस्बे में विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने हमले में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग की। हाल के आंकड़ों से पता चला है कि बीएनपी में गुटीय झड़पें जारी हैं, जिसके कारण इसके कई पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौत हो गई है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली मौजूदा अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति और भी खराब हो गई है। खालिदा जिया की बीएनपी ने छात्र नेताओं और मुहम्मद यूनुस के साथ मिलकर अवामी लीग की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया। हालांकि, तब से, बीएनपी के भीतर गहरी दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिसके कारण इसके कई शीर्ष नेता मारे गए।

## वाशिंगटन के रेसिप्रोकल टैरिफ का जवाब देने के लिए सोल तैयार - दक्षिण कोरिया

**सोल, (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्री ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की तरफ से लगाए गए %रेसिप्रोकल टैरिफ (पारस्परिक शुल्क)% के खिलाफ तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि वे नए बाजारों में विस्तार करने वालों को पूरी मदद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्यापार मंत्री चियोंग इन-क्यो ने सोल में निर्यातकों के साथ एक बैठक में यह बयान दिया।

उनका यह बयान तब आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बुधवार (अमेरिकी समय) को अन्य देशों की ओर से अमेरिकी निर्यात पर लगाए गए शुल्क के जवाब में रेसिप्रोकल टैरिफ (शुल्क) लगाने की घोषणा करने वाली है। रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब है एक समान टैरिफ. ट्रंप का कहना है कि कोई देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा उतना ही टैरिफ अमेरिका भी उस देश पर लगाएगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय ने चेओंग के हवाले से कहा, हम 2 अप्रैल को अमेरिकी की तरफ से लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## वर्ग पहेली 6869



**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी. अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
८. घटना, समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा, जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र(उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा(उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित. जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमंत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यवती, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता,
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मर्जी(उर्दू)

### वर्ग पहेली-6868

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ न | य | ३ न | ■ | ४ अ | प | ५ रा | न्ह |
| ना | ■ | य | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | ह | ■ |
| ७ व | स | न | ■ | सं | ■ | ८ का | लां | त | ९ र |
| र्ती | ■ | ज | ■ | १० हा | जि | र | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ गु | ल | १२ जा | र | ■ | ■ | १३ बा | ध | क |
| ■ | ना | ■ | हि | ■ | १४ ब | ह | रा | ■ | द |
| १५ बे | ह | १६ त | र | ■ | हु | ■ | १७ त | १८ र | ल |
| गु | ■ | र | ■ | १९ दौ | ल | २० त | ■ | ह | ■ |
| २१ ना | स्ति | क | ■ | रा | ■ | २२ रि | स | म | २३ य |
| ह | ■ | २४ श | ब | न | ब | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# म्यांमार में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों के प्रवेश पर रोक, सैन्य सरकार का फैसला



**नेपीडॉ, (आईएएनएस)।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने देश में भूकंप से तबाह क्षेत्रों की कवरेज के लिए विदेशी मीडिया के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1700 हो गई है। सैनिक शासन ने आवास, बिजली कटौती और पानी की कमी जैसी कठिनाइयों का हवाला देते हुए यह प्रतिबंध लगाया है। रविवार को जारी एक ऑडियो बयान में शासन के प्रवक्ता जॉ मिन टुन ने कहा, विदेशी पत्रकारों के लिए यहां आना, रहना, आश्रय पाना या घूमना संभव नहीं है। हम चाहते हैं कि हर कोई यह समझे।

म्यांमार में स्थानीय पत्रकारों को गंभीर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में विदेशी मीडिया को प्रवेश से वंचित करने से इस आपदा के प्रति सैनिक शासन की प्रतिक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। कई अन्य लोगों ने जुंटा पर मानवीय सहायता को उन प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने से रोकने का आरोप लगाया जो उसके प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं हैं। 2021 में तख्तापलट के बाद से, म्यांमार कई सशस्त्र विपक्षी समूहों के साथ गृहयुद्ध में उलझा हुआ है। उस वक्त सेना ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को उखाड़ फेंका था। इस बीच, कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया कि हिंसा और आपदा से प्रभावित राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में सेना ने हवाई हमले जारी रखे हैं। मीडिया आउटलेट म्यांमार नाउ के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समुदाय में कई लोग सहायता कर्मियों और स्वतंत्र मीडिया के लिए अप्रतिबंधित पहुंच की मांग कर रहे हैं क्योंकि देश में व्यापक विनाश करने वाले 7.7 तीव्रता के बड़े भूकंप के बीच मानवीय संकट बढ़ रहा है।

**विरोध** *अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैंड दौरे पर डेनमार्क में किया विरोध प्रदर्शन, कहा*

# ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए

**ग्रीनलैंड, (एजेंसियां)। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और शहर आरहूस में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के हालिया बयान और कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ, जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित पिटुफिक स्पेस बेस (पूर्व में थुले बेस) दौरे के एक दिन बाद हुआ। वैंस ने इस दौरान डेनमार्क पर ग्रीनलैंड के सुरक्षा मुद्दे या वहां के लोगों की भलाई को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया।**

कोपेनहेगन में डेनमार्क के एक प्रमुख राजनेता मोगेंस लिक्केटोफ्ट, जो पूर्व विदेश मंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपना मामला संयुक्त राष्ट्र में लड़ना चाहिए, जहां यह निश्चित है कि अधिकांश देशों द्वारा ग्रीनलैंड के खिलाफ अमेरिकी आक्रमण की निंदा की जाएगी, और फिर हमें उन 70 प्रतिशत अमेरिकियों से समर्थन की अपील करनी चाहिए जो ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के खिलाफ हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। उनकी बातों को सुनकर भीड़ ने ग्रीनलैंडिक और डेनिश में नारे लगाए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया, ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना की, खासकर उनके स्वर को लेकर, जब उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड की आलोचना की थी। उन्होंने कहा, कई आरोप लगाए गए हैं। और हम आलोचना के लिए खुले हैं, लेकिन मैं पूरी तरह से ईमानदार रहकर कहूंगा। हम इस स्वर को पसंद नहीं करते, जिस तरह से इसे व्यक्त किया गया है। यह आपके करीबी सहयोगियों से इस तरह की बात नहीं की जाती। और मैं अभी भी डेनमार्क और अमेरिका को करीबी सहयोगी मानता हूं। रासमुसेन ने याद दिलाया कि 1951 में डेनमार्क और अमेरिका के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था।




इस समझौते के तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में अधिक मजबूत सैन्य उपस्थिति बनाने का पर्याप्त अवसर मिलता है, यदि यही आपकी इच्छा है, तो हम इस पर चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा, रासमुसेन ने यह भी बताया कि डेनमार्क ने आर्कटिक रक्षा में अपने निवेश को बढ़ाया है, और जनवरी में डेनमार्क ने आर्कटिक सुरक्षा के लिए 14.6 अरब डेनिश क्रोनर का निवेश करने का ऐलान किया था। जिसमें तीन नए नौसेना पोत, लंबी दूरी के ड्रोन और उपग्रह शामिल थे। आरहूस में भी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी कार्रवाई के खिलाफ विरोध जताया और ग्रीनलैंड की स्वायत्तता के समर्थन में आवाज उठाई।

ग्रीनलैंड, जो पहले डेनमार्क का उपनिवेश था, 1953 में डेनमार्क के राज्य का हिस्सा बना था और 1979 में उसे होम रूल मिला, जिसके बाद उसकी स्वायत्तता बढ़ी, हालांकि डेनमार्क अब भी उसकी विदेश नीति और रक्षा पर नियंत्रण बनाए रखता है।

# खेल जगत

## शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए हैं। एसएलसी ने कहा कि कोलंबो में चल रही 64वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान सिल्वा को तीसरी बार निर्विरोध चुना गया और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति मलानी गुणरत्ने की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति ने इसकी पुष्टि की। वह आईसीसी बोर्ड में श्रीलंका के प्रतिनिधि के रूप में भी काम करते हैं, साथ ही आईसीसी के वित्त और वाणिज्यिक मामलों, नामांकन और मानव संसाधन और पारिश्रमिक समितियों के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं। सिल्वा ने 1983/84 में कोलंबो क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट खेला और क्रिकेट प्रशासन में आने से पहले श्रीलंका स्क्वैश राष्ट्रीय टीम के सदस्य, प्रबंधक और कोच थे। एसएलसी अध्यक्ष के रूप में सिल्वा का पिछला कार्यकाल 2023 में पिछले खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के साथ उनके टकराव के कारण खराब हो गया था।



# लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश पंजाब किंग्स पर अपना दबदबा जारी रखने की

## लखनऊ के शार्दुल व पंजाब के श्रेयस में रोचक संघर्ष की आस

■ मार्श व पूरन से लखनऊ को पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी पारी की आस

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। अपने नए कप्तान ऋषभ पंत की अगुआई में अंतिम ओवर में दिल्ली कैपिटल्स से विशाखापट्टनम में अपना पहला मैच एक विकेट से हारने के बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के गेंद से 'चौके' की बदौलत मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को उसके घर हैदराबाद में पांच विकेट से हरा जीत की राह पर लौटी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) आईपीएल 2025 में मंगलवार को नए कप्तान श्रेयस अय्यर की 97 रन की बेहतरीन पारी से एकदम नए तेवर और कलेवर जीत से आगाज करने वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में अपना दबदबा जारी रख पिछले पांच मैचों में चौथी जीत के इरादे से उतरेगी।



लखनऊ सुपर जायंटस ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले चार में तीन मैच जीते और मात्र एक हारा है और इसका वह मनोवैज्ञानिक लाभ उठाने की पूरी कोशिश करेगी। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए पिछले मैच में शुरु से दे दनादन करने में यकीन करने वाली एसआरएच के खिलाफ तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के चटकाए चार विकेट और उनके साथ आवेश खान फिट होकर खेले और मयंक यादव जैसे तेज गेंदबाज के चोट के चलते बाहर होने से गड़बड़ाया संतुलन ठीक हो गया।

### 'जो हमारे बस में है, उसी की चिंता करते हैं'

'सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत वाकई बड़ी राहत दिलाने वाली है लेकिन बतौर टीम हमारी लखनऊ सुपरजायंटस में आपस में चर्चा बराबर प्रोसेस की होती है। हम जीत के बाद फूल कर कुप्पा नहीं होते न ही हारने पर एकदम हिम्मत हार जाते हैं। हम एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचते हैं। हम जो हमारे बस में है उसी की बाबत सोचते हैं। हमारे लिए पिछले मैच में तेज गेंदबाज आवेश खान का फिट होकर लौटना हमारे लिए अच्छा रहा। शार्दूल ठाकुर बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमने निकोलस पूरन को पूरी तरह खुल कर बल्लेबाजी करने की छूट दी है। मैं इस तरह खुल कर खेलना पसंद करता हूं। हमने पूरन को खुल कर बल्लेबाजी करने को कहा है और वह हमारे लिए वाकई शानदार प्रदर्शन कर रह है। हर कोई वाकई बढ़िया तैयारी और जम कर ट्रेनिंग कर रहा है। – **ऋषभ पंत, लखनऊ सुपर जायंटस, कप्तान**

### 'पिच ऐसी होनी चाहिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मदद हो'

'मैंने अपनी योजना बनाई थी। मुझे यदि आईपीएल में नहीं चुना जाता तो मैं काउंटी क्रिकेट में खेलने के लिए करार किया। जब मैं रणजी ट्रॉफी खेल रहा तो मुझे जहीर खान का फोन आया कि हम तुम्हे संभावित विकल्प के रूप में देख रहे और खुद को तैयार रखो। जहीर ने मुझसे कहा कि यदि हम तुम्हें लेते हैं तुम्हे गेंदबाजी का आगाज करना पड़ेगा। उस दिन से मैंने खुद को आईपीएल में खेलने के लिए तैयार कर लिया। उतार चढाव आते हैं। वह वाकई बुरा दिन जब आईपीएल की नीलामी में किसी भी टीम ने मुझे नहीं चुना। हैदराबाद में एसआरएच के ट्रेविज हेड व अभिषेक बहुत जोखिम उठा कर अपने स्ट्रोक खेलना पसंद करते है तो मैंने भी जोखिम लिया। इस तरह की पिचों पर गेंदबाजों के बहुत कम मदद होती है।

## शार्दुल ने आईपीएल 2025 में संतुलित पिचों की मांग उठाई

**लखनऊ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजों को 'एक समान और निष्पक्ष मौका' देने वाली पिचों की वकालत की है। वह चाहते हैं कि पिच ऐसी हो, जो बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मददगार न हों, जैसा कि आईपीएल में अक्सर देखा गया है।

ठाकुर ने सभी गेंदबाजों की ओर से बोलते हुए कहा कि वे सिर्फ ऐसी पिचें चाहते हैं जो एकतरफा न हों, जहां कि बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स लगाते रहें। ठाकुर ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के इस सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ पहले घरेलू मैच से पहले कहा कि यह सिर्फ मेरी मांग नहीं है, बल्कि सभी गेंदबाजों की मांग है। बहुत से गेंदबाज अपनी बात खुलकर नहीं रख सकते हैं या उन्हें मीडिया के सामने पिच की स्थिति पर बोलने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि गेंदबाज सिर्फ यही मांग कर रहे हैं कि पिच को इस तरह तैयार किया जाए कि खेल संतुलित रहे और यह एकतरफा न हो, जहां बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स खेलते रहें। हम सिर्फ निष्पक्ष मौका और खेल में समान अवसर चाहते हैं। आईपीएल 2025 के 10 मैचों में अब तक छह बार 200 से अधिक का स्कोर बना है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने पहले ही मैच में 286/6 का स्कोर खड़ा किया था।

# अगर मैं रोहित और कोहली के विकेट ले पाऊं तो मुझे खुशी होगी: चक्रवर्ती

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट लेने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल 2025 में वह किन बल्लेबाजों को आउट करना चाहेंगे, इस बारे में पूछे जाने पर चक्रवर्ती ने अपने साथियों के नाम बताए, जिनमें रोहित और कोहली की दिग्गज बल्लेबाजी जोड़ी भी शामिल है।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो 'जेन बोल्ड' में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कोई भी बल्लेबाज जो शानदार फॉर्म में हो। हेनरिक क्लासेन, निकोलस पूरन, विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी – ये सभी स्टार खिलाड़ी हैं। अगर मैं उनके विकेट ले पाऊं तो मुझे बहुत खुशी होगी। अब तक दो मैचों में



मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है - कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो : वरुण चक्रवर्ती

■ चक्रवर्ती आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे

तीन विकेट लेने वाले इस स्पिनर के पास सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में रोहित और सूर्यकुमार यादव के विकेट लेने का मौका होगा। इस महीने की शुरुआत में दुबई में भारत के खिताब जीतने वाले चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त होने के बाद 33 वर्षीय यह खिलाड़ी असाधारण फॉर्म में है। वह आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे। इस सीजन से मिली सीख पर विचार करते हुए चक्रवर्ती ने कहा कि सबक यह है कि आपका पिछला टूर्नामेंट शानदार हो सकता है, लेकिन फिर भी आपको शुरुआत से शुरुआत करनी होगी। क्रिकेट आपको यही सिखाता है। आप दो या तीन टूर्नामेंट शानदार खेल सकते हैं, लेकिन अगले में आपको शून्य से शुरुआत करनी होगी। इसलिए, मैं इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं – शुरुआत से शुरुआत करना। खेल में महत्वपूर्ण परिस्थितियों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए चक्रवर्ती ने उच्च दबाव वाले मैच खेलने से प्राप्त ज्ञान को साझा किया।

# पराग पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया

■ राजस्थान ने पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की

**गुवाहाटी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 182 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया और पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके कारण कप्तान पराग पर 12 लाख



रुपये का जुर्माना लगाया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया है, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च, 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था।

# चेन्नई सुपर किंग्स की फील्डिंग में कुछ गलतियां देखना काफी दर्दनाक था : अंबाती रायडू

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के राजस्थान रॉयल्स से छह रन से हारने के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने कहा कि पांच बार की चैंपियन टीम द्वारा ग्राउंड फील्डिंग में की गई कुछ गलतियों का खामियाजा हार के तौर पर भुगतना पड़ा और वह इस बात से बहुत निराश हैं। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में, सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि नितीश राणा की 36 गेंदों में 81 रन की पारी और वानिंदु हसरंगा के 4 विकेट ने आरआर को मौजूदा प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत



■ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा

दिलाई। सीएसके ने कुछ शानदार कैच पकड़े, उन्होंने कुछ आसान कैच भी छोड़े, जबकि आरआर ने अपने मौके का पूरा फायदा उठाया। रायडू ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि जब आप कोई करीबी खेल खेल रहे होते हैं, तो ये एक-प्रतिशत वाले चांस वास्तव में मायने रखते हैं। हमने इस मैच में कई अविश्वसनीय कैच देखे- ऐसा देखना दुर्लभ है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने एक-दो मौके को छोड़कर, बिल्कुल भी अच्छा क्षेत्ररक्षण नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स वास्तव में इसके लिए तैयार थे और यह दर्शाता है कि फील्डिंग केवल युवा टीम होने के बारे में नहीं है। यह जागरूकता के बारे में भी है। उन्होंने आगे कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स को कभी भी उनके फील्डिंग के लिए नहीं जाना जाता है, लेकिन इस सीजन में उनके पहले दो मैचों में जो कुछ भी हुआ है, वह काफी खराब रहा है। आसान मौके गंवाना और आउटफील्ड में संघर्ष करना- ये ऐसे क्षेत्र हैं।

## भारत ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीते 10 पदक

**अम्मान,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। जॉर्डन के अम्मान में चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को फ्री स्टाइल कुश्ती के पांच भार वर्गों में मुकाबलों में दो भारतीय पहलवान उदित (61 किग्रा) और दीपक पुनिया (92 किग्रा) फाइनल में पहुंचे। दो अन्य मुकुल दहिया (86 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की। 92 किग्रा के फाइनल मुकाबले में दो बार के एशियन चैंपियन ईरान के अमीर हुसैन फिरोजपुर के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर दीपक पूनिया 10–0 से हार गए। चैंपियनशिप में दीपक पूनिया का पांचवां पदक था। उन्होंने तीन रजत, दो कांस्य सहित कुल पदक जीते हैं।

## विकेटकीपिंग के लिए सीओई की मंजूरी लेने बेंगलुरु पहुंचे सैमसन

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। संजू सैमसन आईपीएल 2025 सीजन में विकेटकीपिंग के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से मंजूरी लेने के लिए सोमवार को गुवाहाटी से बेंगलुरु पहुंचे। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में बल्लेबाज के रूप में खेला है, जिसमें रियान पराग फ्रेंचाइजी की अगुआई कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपने दाहिने तर्जनी की सर्जरी के बाद मौजूदा आईपीएल में खेलने के लिए केवल अस्थायी मंजूरी दी गई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब, वह सीओई में खेल विज्ञान विंग द्वारा परीक्षण से गुजरेंगे और अपने पूर्ण कर्तव्यों को फिर से शुरू करने के लिए मंजूरी मांगेंगे। अगर विकेटकीपिंग की अनुमति मिलती है, तो संजू कप्तान के रूप में भी वापसी करेंगे।

# एसआरएच अपनी बल्लेबाजी में काफी 'स्मार्ट' नहीं थी : पुजारा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से मिली हार में बहुत अधिक मेहनत की लेकिन अपनी बल्लेबाजी में पर्याप्त स्मार्ट नहीं थे। डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में, एसआरएच 37/4 पर सिमट गई और अनिकेत वर्मा की शानदार 41 गेंदों में 74 रनों की पारी के बावजूद, एसआरएच अपने 18.4 ओवरों में केवल 163 रन ही बना सकी, क्योंकि डीसी ने चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से



कहा कि सबसे पहले मैं वास्तव में हैरान था कि उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

जब आप दोपहर का मैच खेल रहे होते हैं, तो आप जानते हैं कि पिच थोड़ी धीमी होगी, उस समय आप आमतौर पर गेंदबाजी करना पसंद करते हैं और यह गेंदबाजी करने का आदर्श समय होता है, बल्लेबाजी करने का आदर्श समय नहीं। मुझे लगा कि उन्हें पहले गेंदबाजी करनी चाहिए थी। लेकिन उनकी बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए, मुझे लगता है कि वे बहुत ज्यादा आक्रामक थे और वे काफी समझदार नहीं थे। उन्होंने यह भी महसूस किया कि अगर एसआरएच का अल्ट्रा-अटैकिंग दृष्टिकोण कुछ मैच के दिनों में काम नहीं करता है, तो उन्हें प्लान बी का सहारा लेना चाहिए। तो आपकी सफलता क्या है।

अगर आप 10 में से सिर्फ दो जीत रहे हैं, तो इसका कोई मतलब नहीं है। आपको और अधिक मैच जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपको बार-बार उस निरंतरता को दिखाने की जरूरत है।

# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा कि हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



■ इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी

# मिशेल स्टार्क ने बनाया शानदार रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच डीसी की 7 विकेट से जीत के साथ समाप्त हुआ। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया और वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। स्टार्क ने 3.4 ओवर में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। यह रिकॉर्ड बॉलिंग परफॉरमेंस थी क्योंकि लंबे समय बाद इस फ्रेंचाइजी की ओर से

■ दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया

आईपीएल 2025

किसी गेंदबाज ने पांच विकेट हासिल किए हैं। इससे पहले दिल्ली फ्रेंचाइजी की ओर से पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज 2008 के सीजन में अमित मिश्रा थे। लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी और 17 रन देकर 5 विकेट लिए थे। अनुभवी स्टार्क उम्र के 36वें साल में चल रहे हैं। आईपीएल के इतिहास में 35 साल से अधिक उम्र में 5 विकेट लेने वाले वह सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले अनिल कुंबले ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 2009 सीजन में पांच विकेट लिए थे। यह मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुआ था।

अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए स्टार्क ने कहा कि मैं 35 साल का हूं, जवान नहीं हूं, लेकिन उम्मीद है कि अभी भी थोड़ा दम बाकी है। मैंने पिछले 15 सालों में ज़्यादा टी20 क्रिकेट नहीं खेला है। मैं थोड़ा अनुभवी हूं, इसलिए युवाओं से बात करने और जहां हो सके मदद करने का मौका मिलता है।

# खो-खो सीनियर नेशनल्स की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी के साथ शुरुआत

**पुरी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप ने अब तक की सबसे अधिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों पर जोर देने के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे यह राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक बेहतरीन संस्करण बन गया है। सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें 30 राज्यों की टीमों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), महाराष्ट्र पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कर्नाटक पुलिस, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और रेलवे जैसी प्रमुख संस्थागत टीमें भी भाग ले रही हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि इसमें 40 पुरुष और 40 महिला टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे यह खो खो नेशनल्स के इतिहास में टीमों की सबसे अधिक भागीदारी वाला आयोजन बन जाएगा।



■ सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी

## सार संक्षेप

### धोनी के घुटने अब पहले जैसे नहीं रहे : फ्लेमिंग

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने एमएस धोनी के बल्लेबाजी क्रम में आने के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि पूर्व कप्तान आईपीएल 2025 सीजन में 9वें या 10वें ओवर के आसपास बल्लेबाजी करने आएंगे। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करने के बाद यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आए धोनी ने 11 गेंदों पर सिर्फ 16 रन बनाए, जिससे सीएसके को सीजन की दूसरी लगातार हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, धोनी रविचंद्रन अश्विन के बाद नंबर 9 पर बल्लेबाजी करने आए, जबकि सीएसके 13 ओवर के बाद 80/6 पर लड़खड़ा रही थी। धोनी के लिए यह स्थिति बदलाव लाने के लिए आदर्श नहीं थी, लेकिन उन्होंने 16 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन की पारी खेली।

### जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से चूके

**मैड्रिड।** चेक गणराज्य के 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्बिया दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। मेनसिक इस जीत के साथ ही एटीपी खिताब जीतने वाले नौवें सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। आज यहां खेले गये वर्षा बाधित मुकाबले में चेक गणराज्य के मेनसिक ने जोकोविच को अपने करियर का 100वां एटीपी खिताब जीतने से रोक दिया। चेक खिलाड़ी ने छह बार के चैंपियन जोकोविच को 7-6(4), 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन का खिताब जीता। ट्राफी जीतने के बाद मेनसिक ने कहा कि उनके मन में अपने आदर्श जोकोविच के लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। टेनिस खेलने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

### उस्मान खान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर

**हेमिल्टन।** पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गये थे एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था।

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 77414.92 ▼ 191.92 | NSE | 23519.35 ▼ 72.60 | MCX Gold | 90090 ▲ 1284 |
| | | | | silver | 99980 ▼ 477 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत

## वोडाफोन आइडिया को सरकार से बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को केंद्र सरकार से बड़ी राहत मिली है। सरकार ने कंपनी की स्पेक्ट्रम नीलामी की बकाया राशि के बदले 36,950 करोड़ रुपए के नए शेयर अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद सरकार की हिस्सेदारी मौजूदा 22.6 प्रतिशत से बढ़कर 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि संचार मंत्रालय ने कंपनी को स्पेक्ट्रम बकाया राशि के बदले सरकार को इक्विटी शेयर जारी करने का निर्देश दिया है।



# आज 1 अप्रैल से बदल जाएंगे कई वित्तीय नियम




*__नई दिल्ली।__ 1 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही कई अहम वित्तीय नियम बदलने जा रहे हैं। इन बदलावों का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों, क्रेडिट कार्ड यूजर्स, यूपीआई ट्रांजैक्शन करने वालों और करदाताओं पर पड़ेगा।*

### म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए नए नियम

**एनएफओ निवेश समय सीमा-** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नए नियमों के अनुसार, नए फंड ऑफर के तहत जुटाई गई पूंजी को 30 बिजनेस दिनों के भीतर निवेश करना होगा। जरूरत पड़ने पर एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को 30 दिन का अतिरिक्त समय मिल सकता है। 60 दिनों के भीतर निवेश नहीं होने पर एएमसी को नए निवेश लेने से रोका जाएगा, निवेशकों को बिना किसी शुल्क के बाहर निकलने की अनुमति होगी।

**नई स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड कैटेगरी-** यह नई श्रेणी म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के बीच की होगी। इसमें निवेश के लिए न्यूनतम 10 लाख की आवश्यकता होगी। केवल वही एएमसी इसे लॉन्च कर सकती हैं, जिनका एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले तीन वर्षों में 10,000 करोड़ से अधिक रहा हो।

**डिजीलॉकर में म्यूचुअल फंड स्टेटमेंट की सुविधा-** 1 अप्रैल से निवेशक अपने डीमैट और म्यूचुअल फंड होल्डिंग स्टेटमेंट्स को डिजीलॉकर में डिजिटल रूप से स्टोर और एक्सेस कर सकेंगे। इससे अनक्लेम्ड एसेट्स की समस्या कम होगी और नॉमिनी के लिए एसेट एक्सेस करना आसान बनेगा।

**जीएसटी और ई-इनवॉयसिंग के नए नियम-** कल से जिन व्यवसायों का सालाना कारोबार 10 करोड़ या उससे अधिक है, उन्हें 30 दिनों के भीतर ई-इनवॉयस अपलोड करना अनिवार्य होगा। इससे पहले यह नियम केवल 100 करोड़ से अधिक कारोबार वाले व्यवसायों पर लागू था। सरकार का यह कदम कर अनुपालन को बढ़ाने और व्यवसायों की ट्रांसपेरेंसी सुनिश्चित करने के लिए है।

**यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू होगी-** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत यूनिफाइड पेंशन स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। यह योजना केंद्रीय कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की गारंटी देगी, जिन कर्मचारियों की सर्विस कम से कम 25 साल होगी, उन्हें पिछले 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा।

**यूपीआई ट्रांजैक्शन से जुड़े नए बदलाव-** राष्ट्रीय भुगतान निगम ने बैंकों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया है कि 31 मार्च 2025 तक अपने डेटाबेस अपडेट करें। जिन मोबाइल नंबरों को री-साइकल या बंद किया गया है, उन्हें हटाने का निर्देश दिया गया है, यदि आपका मोबाइल नंबर बैंक रिकॉर्ड में एक्टिव नहीं है, तो यूपीआई सेवाएं बाधित हो सकती हैं।

**विदेशी खर्चों पर टीडीएस में राहत-** लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत 1 अप्रैल 2025 से विदेश में पढ़ रहे बच्चों की फीस या अन्य खर्चों के लिए 10 लाख रुपए तक भेजने पर टीडीएस नहीं लगेगा। पहले 7 लाख रुपए से अधिक की राशि पर 5 प्रतिशत टीडीएस देना पड़ता था। **क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव-** कई बैंक 1 अप्रैल से क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम बदल रहे हैं।

### नया टैक्स स्लैब

एक अप्रैल से नई टैक्स स्लैब लागू हो जाएगी। सरकार ने नए कर ढांचे के तहत टैक्स फ्री इनकम की लिमिट 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दी है, जिससे मिडिल क्लास करदाताओं को बड़ा फायदा मिलेगा।

**इस प्रकार होंगे नए टैक्स स्लैब**

4 लाख तक की आय – कोई टैक्स नहीं
4 लाख से 8 लाख तक – 5 प्रतिशत टैक्स
8 लाख से 12 लाख तक – 10 प्रतिशत टैक्स
12 लाख से 16 लाख तक – 15 प्रतिशत टैक्स
16 लाख से 20 लाख तक – 20 प्रतिशत टैक्स
20 लाख से 24 लाख तक – 25 प्रतिशत टैक्स
24 लाख से अधिक आय – 30 प्रतिशत टैक्स

### वित्त मंत्री आज राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का करेंगी शुरुआत



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को ''नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच'' पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। इस पोर्टल पर 2022-23 तक के (पिछले तीन दशकों) राज्यों के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों से जुड़े आंकड़े उपलब्ध होंगे। नीति आयोग की राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से विकसित यह पोर्टल, राज्यों की पांच श्रेणियों- जनसांख्यिकी; आर्थिक संरचना; राजकोषीय; स्वास्थ्य और शिक्षा- से जुड़े डाटाबेस तक लोगों को सीधी पहुंच प्रदान करेगी। नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, यह पोर्टल 28 भारतीय राज्यों के वृहद और राजकोषीय परिदृश्य की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। ये आंकड़े जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर आधारित होगा। पोर्टल से वृहद, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में सुविधा होगी।

# सेंसेक्स 191 अंक गिरकर बंद

### निफ्टी 23500 के ऊपर पहुंचा, आईटी शेयरों में गिरावट

*__नई दिल्ली।__ घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 191.51 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,414.92 अंक पर बंद हुआ।*

दिन के कारोबार के दौरान यह सूचकांक 420.81 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 77,185.62 अंक पर पहुंच गया था। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 72.60 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में सेंसेक्स अब तक सेंसेक्स 3,763.57 अंक या 5.10 प्रतिशत और निफ्टी निफ्टी 1,192.45 अंक या 5.34 प्रतिशत तक मजबूत हुआ है।

**सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक में 3.50 प्रतिशत से अधिक की**



**गिरावट-** सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एचसीएल टेक, मारुति, इंफोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ गए। कोटक महिन्द्रा बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, आईसी आईसी आई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग भारी गिरावट के साथ बंद हुए।

# ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का असर, सोने ने रचा इतिहास

*__नई दिल्ली।__ सोने की कीमतों ने सोमवार को इतिहास रचते हुए पहली बार 3,100 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार कर लिया, जिससे आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर और बढ़ गया। स्पॉट गोल्ड की कीमत बढ़कर 3,106.50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।*

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर चिंताओं, संभावित आर्थिक असर और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते निवेशकों का रुख फिर से सुरक्षित विकल्प यानी गोल्ड की ओर बढ़ा है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 18 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह लगातार नए रिकॉर्ड बना



**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 3100 डॉलर के पार**

रहा है। इसी महीने की शुरुआत में सोना पहली बार 3,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया था। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापारिक तनाव के माहौल में सोने की सुरक्षित संपत्ति और महंगाई से सुरक्षा देने वाली छवि और मजबूत हुई है। ओसीबीसी बैंक के विश्लेषकों ने कहा, इन हालातों में हम गोल्ड की स्थिति को लेकर सकारात्मक हैं। टैरिफ को लेकर अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के चलते इसकी मांग और बढ़ सकती है। गोल्डमैन सैक्स, बैंक ऑफ अमेरिका और यूबीएस जैसी दिग्गज ग्लोबल फर्म्स ने इस महीने सोने के दाम को लेकर अपने अनुमान बढ़ा दिए हैं। गोल्डमैन सैक्स को अब उम्मीद है कि इस साल के आखिर तक सोना 3,300 प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इससे पहले उसका अनुमान 3,100 का था। बैंक ऑफ अमेरिका ने भी 2025 और 2026 के लिए अपने गोल्ड प्राइस टारगेट में बढ़ोतरी की है। अब बैंक को 2025 में सोना 3,063 और 2026 में 3,350 प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। पहले बैंक ऑफ अमेरिका का अनुमान 2025 के लिए 2,750 और 2026 के लिए 2,625 का था।

# बैंक ऑफ अमेरिका का अनुमान : आरबीआई फिर कर सकता है रेपो रेट में कटौती

*__नई दिल्ली।__ बैंक ऑफ अमेरिका ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक अप्रैल में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट में कटौती कर सकता है।*

अनुमान है कि आरबीआई रेपो रेट में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती कर इसे 6 प्रतिशत तक ला सकता है। इस फैसले के पीछे प्रमुख कारण मुद्रास्फीति (इन्फ्लेशन) का अगले कुछ महीनों तक 4 प्रतिशत से नीचे बने रहना और रुपए पर दबाव में कमी बताई जा रही है। बैठक 7 अप्रैल से शुरू होगी और इसके नतीजों का ऐलान 9 अप्रैल को होगा।

**रेपो रेट में कटौती के कारण-** इन्फ्लेशन कंट्रोल- बैंक ऑफ अमेरिका का कहना है कि महंगाई काबू में है, जिससे आरबीआई के पास दरों में कटौती की गुंजाइश है।

**ग्रोथ की सुस्ती-** देश की आर्थिक




वृद्धि दर अपेक्षाकृत धीमी होने के कारण नीतिगत दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है।

**आयात शुल्क का असर-** 2 अप्रैल से लागू होने वाले नए आयात शुल्क से थोड़ी अनिश्चितता रह सकती है, लेकिन इसका एमपीसी के फैसले पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। 2025 के अंत तक और कटौती संभव बैंक ऑफ अमेरिका को उम्मीद है कि 2025 के अंत तक रेपो रेट 5.5 प्रतिशत तक आ सकता है यानी इस साल कुल 1 प्रतिशत (100 आधार अंक) की कटौती की जा सकती है।

**आरबीआई की लिक्विडिटी रणनीति-** आरबीआई ने दिसंबर 2024 से अब तक बैंकिंग सिस्टम में 5 लाख करोड़ रुपए की लिक्विडिटी डाल दी है। आगे भी कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने और बाजार में नकदी बनाए रखने के लिए आरबीआई अतिरिक्त कदम उठा सकता है।

**गर्मी और फसल उत्पादन का असर-** बैंक ऑफ अमेरिका का मानना है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान देगा, लेकिन मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत के लक्ष्य सीमा में बनाए रखेगा। गर्मियों में हीटवेव के कारण खाद्य महंगाई में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन बेहतर फसल उत्पादन से इसका प्रभाव संतुलित हो सकता है।

# यस बैंक पर आयकर विभाग की कार्रवाई

### जारी किया 2209 करोड़ टैक्स की मांग का नोटिस

*__नई दिल्ली।__ आयकर विभाग ने यस बैंक को आकलन वर्ष 2019-20 के लिए 2,209 करोड़ रुपये टैक्स की मांग का नोटिस जारी किया है। इसमें 243.02 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है।*

यस बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। बैंक ने आगे फाइलिंग में कहा है कि आयकर विभाग के राष्ट्रीय फेसलेस मूल्यांकन यूनिट की ओर से 28 मार्च को पुनर्मूल्यांकन आदेश पारित किया गया है, जिसमें कोई अतिरिक्त अस्वीकृति नहीं किया गया है, अर्थात जिन आधारों पर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की गई थी, उन्हें हटा दिया गया है। बैंक ने कहा कि इस प्रकार, अधिनियम की धारा 144 के तहत पारित मूल मूल्यांकन आदेश में निर्धारित कुल आय पुनर्मूल्यांकन आदेश में अपरिवर्तित रही है, और परिणामस्वरूप, बैंक के खिलाफ कोई मांग नहीं उठाई जानी चाहिए थी। हालांकि, इसके बावजूद अधिनियम की धारा 156 के तहत जारी की गई गणना शीट और मांग के नोटिस ने




सम तिथि तक 2209.17 करोड़ रुपये की आयकर मांग (ब्याज सहित) उठाई है, जो बिना किसी आधार के प्रतीत होती है।उक्त निर्धारण वर्ष को आयकर विभाग ने अप्रैल 2023 में पुनः खोला था। यस बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं और उक्त आदेश के कारण बैंक की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। बैंक यह पुनर्मूल्यांकन आदेश के विरुद्ध कानून के तहत अपील और सुधार कार्यवाही करेगा।

# मकान मालिकों को लाभ : किराए पर 1 अप्रैल से केंद्र सरकार का यह नया नियम लागू होगा

*__नई दिल्ली।__ केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से किराए पर टैक्स कटौती की सीमा को बढ़ाने का ऐलान किया है, जिससे मकान मालिकों को बड़ा लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए बजट में यह महत्वपूर्ण घोषणा की थी। अब, यदि आप मकान किराए पर देते हैं, तो आपको कम लेन-देन पर टीडीएस कटौती से राहत मिलेगी।*

**किराए पर टीडीएस की नई सीमा-** अगर आप मकान किराए पर देते हैं तो अब आपके लिए अच्छी खबर है। पहले जहां किराए से 2.4 लाख सालाना से अधिक आय होने पर




टीडीएस कटता था, वहीं अब यह सीमा 6 लाख कर दी गई है। यह नियम 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगा और छोटे करदाताओं के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। इसका मतलब है कि अगर आपकी मासिक किराया आय 50,000 या उससे अधिक है, तो उस पर टीडीएस काटा जाएगा। यह बदलाव छोटे करदाताओं के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि अब उन्हें हर महीने कम लेन-देन पर टीडीएस नहीं काटना पड़ेगा।

**छोटे करदाताओं को मिलेगा फायदा-** इस बदलाव के बाद मकान मालिकों और छोटे करदाताओं को राहत मिलेगी। पहले जहां टीडीएस कटौती की प्रक्रिया में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब नई सीमा से उनका अनुपालन बोझ कम होगा। इसके साथ ही टैक्स से जुड़ी प्रक्रियाएं भी सरल हो जाएंगी। मकान मालिकों को अधिक लाभ होगा, क्योंकि अब उन्हें कम राशि पर टीडीएस कटौती से राहत मिलेगी। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने आम बजट में कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। जैसे कि टैक्सपेयर्स के लिए टैक्स छूट की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दी गई है। इसके साथ ही, टैक्स स्लैब में भी बदलाव किए गए हैं, जिससे टैक्सपेयर्स को और अधिक राहत मिलेगी। साथ ही, टीडीएस समेत अन्य कर संबंधी नियमों में संशोधन किया गया है, जिससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियों को आसान तरीके से निभाने में मदद मिलेगी।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 47 |
| एक यूरो | 91. 90 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52. 99 |
| एक जापानी येन | 0. 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 92250 चांदी -102500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-92250 चांदी -102500

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## वक्फ कानून में बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मुफ्ती ए आजम

### रानीताल ईदगाह में अदा की ईद की नमाज





**जबलपुर, देशबन्धु।** मुस्लिम धर्माम्वलम्बियों के पवित्र माह रमजान के बाद आज पूरे देश में ईद का त्यौहार गया है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सोमवार को सुबह से ईद की चहल-पहल रही। वहीं रानीताल ईदगाहकलां में मुसलमानों ने एक साथ ईद की नमाज अदा दी। इस मौके पर मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा ने कहा कि हिन्दुस्तान में सरकार वक्फ कानून में जो बदलाव करना चाह रही है उसे हम कतई मंजूर नहीं करेगें। क्योंकि बदलाव करने के पीछे का मकसद वक्फ की सम्पत्ति पर नजर गड़ाना है। इसलिए जंगल चले जाओ वहां बहुत सम्पत्ति है, वक्फ कानून में बदलाव की हम पुरजोर मुखालफत करेंगे।

मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा ने आगे कहा कि उन्होने आगे कहा कि कुरान-ए-अजीम इंसानियत की सच्ची राह दिखाने वाली आखिरी किताब है और हुजूर साहब के बाद नबूवत का दरवाजा बंद हो गया है। जिन्होने भी इस्लाम को मिटाने की कोशिश की उनका ध्यान कर लें कि आज दुनिया में कहीं उनका नामलेवा नहीं है। इसलिए आज भी जो यह प्रयास यह कर रहे हैं उन्हे इससे सबक ले लेना चाहिए। इसलिए कुदरत के कानून को ध्यान में रखें कि जिस पेड़ को जितना काटा जाता है वह उतना ही फिर हरा-भरा हो जाता है। उन्होने यह भी कहा कि इस्लाम वो मजहब है जिसने कैसे जीना है इस पर हर तरह से जानकारी दी है। प्रत्येक मुसलमान पर पांच वक्त की नमाज फर्ज है लेकिन बीमार, बुजुर्ग व महिलाओं, बच्चों को परिस्थिति के अनुसार छूट भी है।

#### इव्हीएम हटते ही सच्चाई सामने आयेगी

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश ने कहा कि जिस दिन ईव्हीएम मशीन अलग होगी सब काला चिट्ठा सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा कि कई पन्ने स्वर्ण के होते है,जिसमें स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाता है। भाजपा के बहुत सारे पन्ने काले है और वह काले पन्नों में सफेद अक्षर लिखने की कोशिश कर रही है। काले पन्नों के अलावा उनके पास कुछ नहीं बचा है,राजनीति करते रहो और अपनी रोटियां सेंकते हुए कुर्सी बचाकर रखों। यह गद्दी बचाओ नीतिया है और देश को तरक्की की तरफ ले जाने वाली नीतियां नहीं है। देश में गंगा-जमुना तहजीब को माना जाता है और बडी संख्या में हिन्दू व मुसलमान रहते है। सभी को अपने त्यौहार धार्मिक मूल भावना व भाईचारे के साथ मनाये।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 120

मुर्गा मीडियम - रु. 108

मुर्गा बड़ा - रु. 92

मुर्गा जम्बो - रु. 92

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 88

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104

छोटा ब्रॉयलर - रु. 116

मोबाइल नं. 9300692405


## अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस की बोगी में आग

### इटारसी के पास हुआ हादसा, कई गाड़ियां प्रभावित



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। इस घटना के चलते रेल संचालन लगभग सवा घंटे बाधित रहा, जिससे अन्य गाडियां भी इस अतिव्यस्त रूट पर प्रभावित रहीं। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी, धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा, जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया. आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी. बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया. आग बुझाने की कोशिशें जारी है। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया।

**जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी**-ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी. यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी. इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले, सूचना के बाद दमकल को बुलाया गया. डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा।

**यात्रियों में मचा हड़कंप, ट्रेन से नीचे उतरे**-ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया. ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। ट्रेन में सवार राज नाम के यात्री के मुताबिक आग लगने की ये घटना दोपहर 4 बजकर 10 मिनट की है।







FARNAZ

